

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 133 | गुरूवार, 25 जून 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### आप विधायक, उनकी पत्नी सहित 9 को सात-सात साल की सजा

**नर्मदा।** गुजरात में नर्मदा जिले की एक कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर बसावा, उनकी पत्नी और 7 अन्य को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई है। इन पर वन-विभाग के अधिकारियों से मारपीट और वसूली का आरोप था। सजा के अलावा विधायक की पत्नी और अन्य पर 96 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। कुल 9 आरोपियों में 4 महिलाएं शामिल हैं। मामला 30 अक्टूबर 2023 का है। आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों ने जंगल की जमीन पर हुए अतिक्रमण हटा दिए थे। इस पर वसावा ने पांच अधिकारियों को अपने घर बुलाया था। प्राथमिकी के मुताबिक, चैतर वसावा और उनके साथियों ने अधिकारियों के साथ मारपीट की और उनसे प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा देने के नाम पर वसूली की थी। आम्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, चैतर वसावा ने इस दौरान हवाई फायरिंग भी की थी। आरोप है कि जिस हथियार का इस्तेमाल किया गया, उसके लिए उनके पास वैध लाइसेंस नहीं था। इसके चलते उन पर आर्मेंस एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया था। इस घटना के अगले ही दिन, चैतर वासावा के पीए और अन्य लोगों ने दो अधिकारियों से 30-30 हजार रुपए की फिरौती मांगी थी।

### सरकारी अभियंता के यहां छापा, 15 भूखंड मिले

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक सरकारी अभियंता के ठिकानों पर मंगलवार को की गई छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये की संपत्ति का खुलासा हुआ है, जिसमें 15 कीमती भूखंड और दो बहुमंजिला इमारतें शामिल हैं। इसके अलावा वहां से भारी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### ओरेकल ने 21 हजार कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली।** एआई और ऑटोमेशन के बढ़ते इस्तेमाल के बीच अमेरिकी टेक दिग्गज ओरेकल ने वित्त वर्ष 2026 में करीब 21 हजार कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। कंपनी की वर्कफोर्स में लगभग 13 प्रतिशत की कमी आई है। कंपनी ने संकेत दिए हैं कि एआई के विस्तार के साथ आने वाले समय में और नौकरियां भी प्रभावित हो सकती हैं।

### अन्ना हजारे ने 5 जुलाई से अनशन की चेतावनी दी

**मुंबई।** वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा 12 जून को आरटीआई नियमों में किए गए संशोधनों पर कड़ी आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ये जनविरोधी बदलाव वापस नहीं लिए गए, तो वे 5 जुलाई से रालेगण सिद्धि में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे।

### अवैध कोचिंग संस्थानों के खिलाफ पूरे प्रदेश में तेज होगा अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ की कोचिंग मंडी में सोमवार को हुए भीषण अग्निकांड के बाद हरकत में आए जिम्मेदार विभागों ने आनन-फानन नए दिशा-निर्देश जारी करने शुरू कर दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग भी इससे अछूता नहीं है। विभागीय मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मंगलवार को 'एक्टिव मोड' में नजर आए। उन्होंने भी प्रदेश भर के कोचिंग संस्थानों के विनियमन को और प्रभावी बनाने तथा अवैध कोचिंग सेंटरों के विरुद्ध विशेष अभियान तेजी करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया, 'सभी जिलाधिकारियों को निर्देश है कि वे जिले भर में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों का व्यापक सर्वेक्षण कर सूची तैयार करें। जो संस्थान यूपी कोचिंग विनियमन अधिनियम-2002 के तहत पंजीकृत नहीं हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पंजीकृत संस्थानों का भी सुरक्षा मानकों के अनुरूप निरीक्षण कराया जा रहा है। इसमें भवन व्यवस्था, अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था की जांच शामिल है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने कहा, 'शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार कार्य कर रही है।

# खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने का न्योता, ईरान ने पीएम मोदी को भेजा औपचारिक आमंत्रण

**जुलाई में तेहरान से मशहद तक चलेगा नौ दिवसीय राजकीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम**

- » अंतिम संस्कार कार्यक्रम 4 जुलाई से 9 जुलाई तक तेहरान और मशहद में आयोजित होगा
- » भारत सरकार अभी यह तय नहीं कर पाई है कि समारोह में देश का प्रतिनिधित्व कौन करेगा





■ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया की राजनीति में एक नया और ऐतिहासिक अध्याय तब जुड़ गया जब ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण भेजा। खामेनेई की मृत्यु के बाद आयोजित होने वाला यह समारोह न केवल ईरान के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समारोह में दुनिया के कई बड़े देशों के शीर्ष नेताओं और प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

भारत और ईरान के बीच लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को देखते हुए इस निमंत्रण को विशेष महत्व दिया जा रहा है। हालांकि भारत सरकार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं समारोह में शामिल होंगे या किसी वरिष्ठ प्रतिनिधि को भेजा जाएगा। ईरान ने केवल भारत ही नहीं बल्कि कई प्रमुख देशों के नेताओं को भी आमंत्रित किया है। चीन, रूस, कतर, फ्रांस और पाकिस्तान सहित अनेक देशों को औपचारिक निमंत्रण भेजे गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि उनका देश एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अंतिम संस्कार में भेजेगा। इससे संकेत मिलता है कि समारोह वैश्विक कूटनीतिक महत्व का आयोजन बनने जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों की उपस्थिति से पश्चिम एशिया की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की दिशा का भी संकेत मिलेगा।

भारत लंबे समय से ईरान, अमेरिका और इजरायल तीनों के साथ महत्वपूर्ण संबंध बनाए हुए है। ऐसे में खामेनेई के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व किस स्तर पर होगा, यह एक संवेदनशील कूटनीतिक निर्णय माना जा रहा है। नई दिल्ली के नीति विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को अपने रणनीतिक हितों, ऊर्जा सुरक्षा, चाबहार परियोजना और पश्चिम एशिया में संतुलित विदेश नीति को ध्यान में रखते हुए फैसला लेना होगा। प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत उपस्थिति को एक मजबूत राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जाएगा, जबकि किसी वरिष्ठ मंत्री या विशेष दूत को भेजना संतुलित कूटनीतिक विकल्प माना जा सकता है।

### फरवरी में हुई थी खामेनेई की मृत्यु

अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु 28 फरवरी को एक संयुक्त अमेरिकी-इजरायली हवाई हमले में हुई थी। उस समय पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। खामेनेई की उम्र 86 वर्ष थी और वे कई दशकों तक ईरान की राजनीति, विदेश नीति और धार्मिक व्यवस्था के सबसे प्रभावशाली व्यक्ति रहे। प्रारंभिक योजना के अनुसार उनका अंतिम संस्कार मार्च में होना था, लेकिन क्षेत्र में जारी संघर्ष और सुरक्षा कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया। अब जुलाई में व्यापक स्तर पर राजकीय समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### तेहरान से मशहद तक चलेगा राजकीय कार्यक्रम

सूत्रों के अनुसार, ईरानी दूतावास ने मंगलवार को विदेश मंत्रालय को औपचारिक निमंत्रण सौंपा। अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रम 4 जुलाई को राजधानी तेहरान से शुरू होंगे और 9 जुलाई को खामेनेई के पैतृक शहर मशहद में उनके दफन के साथ संपन्न होंगे। ईरान सरकार ने इसे राष्ट्रीय एकता और श्रद्धांजलि का सबसे बड़ा आयोजन बताया है। विभिन्न शहरों में शोक सभाएं, धार्मिक आयोजन और सार्वजनिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देशभर से लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हुई थी आखिरी मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की पिछली मुलाकात अक्टूबर 2024 में रूस के कजान शहर में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। उस अवसर पर दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की थी। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उसी दौरान राष्ट्रपति पेजेशकियन को भारत आने का निमंत्रण भी दिया था। अब खामेनेई के अंतिम संस्कार का निमंत्रण दोनों देशों के बीच जारी उच्चस्तरीय संवाद की एक और महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर तेज हुई बातचीत

**वाणिज्य मंत्री गोयल और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के बीच अहम वार्ता**

- » अमेरिकी जांच और टैरिफ विवाद बने चुनौती
- » हालिया वार्ताओं में हुई उल्लेखनीय प्रगति
- » क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा में बढ़त चाहता है भारत



■ नई दिल्ली/मुंबई

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिका के शीर्ष व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर के बीच हुई वार्ता में समझौते को जल्द निष्कर्ष तक पहुंचाने के विभिन्न रास्तों पर चर्चा हुई।

दो दिवसीय भारत दौरे पर आए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ग्रीयर की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देशों के संबंधों में हाल के महीनों में कुछ कूटनीतिक चुनौतियां सामने आई हैं। माना जा रहा है कि यह समझौता भारत-अमेरिका आर्थिक रिश्तों को नई मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा। भारत सरकार के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ताओं में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। दोनों पक्ष ऐसे समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं जो संतुलित होने के साथ-साथ दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए व्यावसायिक रूप से लाभकारी साबित हो। इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर एक प्रारंभिक सहमति बनी थी। इसके तहत भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत शुल्क व्यवस्था और भारत द्वारा कुछ व्यापारिक बाधाओं को कम करने तथा अमेरिकी वस्तुओं की खरीद बढ़ाने पर सहमति बनी थी। हालांकि अंतिम समझौते के रास्ते में कुछ बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। अमेरिका की ओर से जारी सेक्शन-301 जांच, जिसमें अधिक उत्पादन क्षमता और जबरन श्रम से जुड़े आरोपों की जांच की जा रही है, अनिश्चितता का प्रमुख कारण बनी हुई है। इसके अलावा अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक वैश्विक टैरिफ नीति को अवैध ठहराने के फैसले ने भी व्यापार समझौते की दिशा में नई जटिलताएं पैदा कर दी हैं।

सूत्रों के अनुसार, नई दिल्ली इस समझौते के माध्यम से एशियाई क्षेत्र के अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिकी बाजार में बेहतर शुल्क लाभ हासिल करना चाहती है। भारत का मानना है कि इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और विनिर्माण क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

# देश को नेहरू सर्वश्रेष्ठ पीएम मिला, लेकिन पटेल प्रधानमंत्री बनते तो इतिहास अलग होता: रमेश

■ नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और स्वतंत्र भारत के प्रमुख शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल को लेकर बड़ा बयान दिया है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री थे, जबकि सरदार पटेल ऐसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री थे जो देश को नहीं मिल सके। जयराम रमेश का यह बयान ऐसे समय आया है जब स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं की विरासत और योगदान को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बहस लगातार तेज बनी हुई है। कांग्रेस लंबे समय से नेहरू की नीतियों और योगदान को देश निर्माण की नींव बताती रही है, जबकि भाजपा और अन्य दल सरदार पटेल की भूमिका को अधिक महत्व देने की बात करते रहे हैं। साक्षात्कार में जयराम रमेश ने कहा कि स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं, वैज्ञानिक सोच, शिक्षा व्यवस्था और विदेश नीति की मजबूत नींव रखने में नेहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके अनुसार देश के विकास और आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू का योगदान अतुलनीय है, इसलिए वह उन्हें भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री मानते हैं।

# नीरव मोदी को बीओआई के 100 करोड़ रुपये से अधिक चुकाने का आदेश

- » व्यक्तिगत गारंटी मामले में अदालत का फैसला
- » पीएनबी घोटाले के मुख्य आरोपी की कानूनी मुश्किलें बढ़ीं

■ लंदन/नई दिल्ली



भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को एक बार फिर बड़ा कानूनी झटका लगा है। लंदन की एक अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नीरव मोदी को 10.7 मिलियन डॉलर (100 करोड़ रुपये से अधिक) का भुगतान करने का आदेश दिया है।

अदालत ने माना कि मोदी ने अपनी कंपनी के लिए लिए गए ऋण के बदले व्यक्तिगत गारंटी दी थी और कंपनी द्वारा भुगतान न किए जाने की स्थिति में वह स्वयं राशि चुकाने के लिए जिम्मेदार हैं। यह फैसला ऐसे समय आया है जब नीरव मोदी पहले से ही भारत के बहुचर्चित 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का मुख्य आरोपी है और ब्रिटेन में प्रत्यर्पण से जुड़े मामलों का सामना कर रहा है।

यह विवाद वर्ष 2012 में शुरू हुआ था, जब बैंक ऑफ इंडिया ने दुबई स्थित कंपनी फायरस्टार डायमंड एफजेडई को ऋण प्रदान किया था। फायरस्टार समूह नीरव मोदी के कारोबारी नेटवर्क का हिस्सा था। ऋण समझौते के तहत अगस्त 2013 में नीरव मोदी ने व्यक्तिगत गारंटी पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अनुसार यदि कंपनी ऋण चुकाने में विफल रहती है तो पूरी देनदारी व्यक्तिगत रूप से नीरव मोदी पर आएगी। बैंक का आरोप था कि कंपनी द्वारा ऋण भुगतान नहीं किया गया और गारंटी की शर्तों के अनुसार नीरव मोदी को बकाया राशि चुकानी चाहिए।

# तमिलनाडु की 152 मेडिकल सीटों पर रोक की मांग

- » इन-सर्विस डॉक्टरों के लिए आरक्षित सुपर स्पेशियलिटी सीटें ऑल इंडिया कोटा में देने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई

■ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु की 152 रिक्त इन-सर्विस सुपर स्पेशियलिटी मेडिकल सीटों को ऑल इंडिया कोटा में स्थानांतरित किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। अदालत ने केंद्र सरकार, तमिलनाडु सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यदि सरकारी डॉक्टर उच्च विशेषज्ञता हासिल करते हैं तो वे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को निजी डॉक्टरों की तुलना में अधिक प्रभावी ढंग से मजबूत कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि इन-सर्विस उम्मीदवार एक अलग श्रेणी के अभ्यर्थी होते हैं क्योंकि वे एक साथ सरकारी सेवा भी कर रहे होते हैं और उच्च शिक्षा भी प्राप्त कर रहे होते हैं।

#### क्या है पूरा मामला?

यह याचिका तमिलनाडु मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इन-सर्विस डॉक्टरों हेतु आरक्षित 152 सुपर स्पेशियलिटी सीटें खाली हैं। इन सीटों को ऑल इंडिया कोटा में सरेंडर किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे राज्य के सरकारी डॉक्टरों के लिए उपलब्ध अवसर कम हो जाएंगे।

### ईडी रेड में 1035 करोड़ निवेश का रिकॉर्ड गायब

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फेमा उल्लंघन मामले में राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड और उससे जुड़े ठिकानों पर बेंगलुरु व मुंबई में नौ स्थानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। ईडी के अनुसार, कंपनी द्वारा अफ्रीकी खदानों में किए गए 1035 करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। साथ ही कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर को मात्र 17 हजार रुपये मासिक वेतन दिए जाने का रिकॉर्ड भी मिला है। जांच एजेंसी का कहना है कि विदेशी निवेश, आयात-निर्यात और अन्य विदेशी लेन-देन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज भी कंपनी प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिससे लेन-देन की वास्तविकता की पुष्टि करना मुश्किल हो गया है।

# विधानसभा में विजय का दमदार डेब्यू, स्टालिन की नकल कर साधा निशाना

**मुख्यमंत्री के रूप में पहले ही भाषण में भ्रष्टाचार, सामाजिक न्याय और राष्ट्रगान विवाद पर विपक्ष को घेरा**

- » मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार विधानसभा में बोले सी. जोसेफ विजय, डीएमके पर जमकर हमला बोला
- » विजय ने स्टालिन शैली की नकल करते हुए भ्रष्टाचार और वंशवाद के मुद्दे उठाए
- » विपक्षी डीएमके ने भाषण के दौरान हंगामा किया और बाद में सदन से वॉकआउट कर दिया

■ चेन्नई



तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेता से मुख्यमंत्री बने सी. जोसेफ विजय ने मंगलवार को विधानसभा में अपना पहला बड़ा राजनीतिक भाषण देकर यह स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार का अंदाज पारंपरिक राजनीति से अलग होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान मुख्यमंत्री विजय ने अपने पुराने फिल्मी भाषणों की शैली को ही विधानसभा में उतारा। उन्होंने कहानी, व्यंग्य, हास्य और राजनीतिक कटाक्ष का सहारा लेते हुए मुख्य विपक्षी दल डीएमके और उसके नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। विजय का यह भाषण केवल सरकार का पक्ष रखने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे आगामी वर्षों की तमिलनाडु राजनीति की दिशा तय करने वाला राजनीतिक संदेश भी माना जा रहा है। सदन में भाषण के दौरान कई बार हंगामा हुआ, विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति जताई और अंततः डीएमके विधायकों ने वॉकआउट कर दिया। भाषण के दौरान विजय ने पूर्व मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन की बोलने की शैली की नकल करते हुए कई कटाक्ष किए।

### मुख्यमंत्री के रूप में पहला बड़ा संबोधन

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला अवसर था जब विजय ने विधानसभा के भीतर विस्तृत राजनीतिक भाषण दिया। फिल्मी मंचों पर अपने भाषणों में अक्सर कहानियों के माध्यम से संदेश देने वाले विजय ने इस बार भी उसी शैली का इस्तेमाल किया। उन्होंने एक "लापता पिता" की कहानी सुनाई, जिसे राजनीतिक विश्लेषकों ने डीएमके नेतृत्व और उसकी नीतियों पर व्यंग्य के रूप में देखा। विजय का उद्देश्य सीधे नाम लिए बिना विपक्ष को कठघरे में खड़ा करना था। उनके भाषण में मनोरंजन और राजनीति का ऐसा मिश्रण दिखाई दिया जिसने सत्ता और विपक्ष दोनों का ध्यान आकर्षित किया।

# दिल्ली में बारिश-आंधी का येलो अलर्ट

■ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को मौसम ने करवट ले ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण-पश्चिम मानसून भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले कुछ दिनों में देश के कई नए हिस्सों को कवर कर सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ पश्चिमी, मध्य और उत्तरी भारत के कई राज्यों में वर्षा गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। इससे गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

आईएमडी के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिनभर बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो सकती है। कई इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है, जबकि कुछ स्थानों पर झोंकों की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसी को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में यह बदलाव मानसून के उत्तर भारत की ओर बढ़ने का संकेत है। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। सफदरजंग, लोधी रोड, दिल्ली रिज और अन्य मौसम केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई, जिससे तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली। हाल के दिनों में राजधानी में लगातार बढ़ रहे तापमान और गर्म हवाओं के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के बाद मौसम अपेक्षाकृत सुहावना हो गया है।

# नीट परीक्षा अगले साल से कंप्यूटर आधारित प्रारूप में होगी : प्रधान

■ **राहुल पर लगाया छात्रों को गुमराह करने का आरोप**

■ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट परीक्षा में पेपर लीक विवाद के बाद प्रस्तावित बड़े सुधारों का खुलासा करते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर छात्रों के भविष्य को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। एक विशेष साक्षात्कार में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि अगले वर्ष से नीट परीक्षा को कंप्यूटर आधारित प्रारूप में आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा सरकार तथाकथित पेपर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी और परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के रूप में सवाल पूछने का पूरा अधिकार है, लेकिन उन्हें छात्रों के मन में अनावश्यक भय और भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। उन्होंने जंतर-मंतर पर हो रहे आंदोलन पर कहा कि वहां प्रदर्शन करने वालों में वास्तविक छात्रों की भागीदारी पर सवाल उठाए जाने चाहिए। उनका कहना था, जो लोग देश को टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं, वही लोग आज जंतर-मंतर में ढपली बजा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि वहां कोई विद्यार्थी है क्या?

विदेश मंत्रालय संबंधित देशों और एजेंसियों के संपर्क में

# भारत आने वाले 11 जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट किया पार, एलपीजी-कच्चा तेल लेकर बढ़ रहे हैं आगे

■ नई दिल्ली



अमेरिका-ईरान के बीच समझौते के बाद होर्मुज स्ट्रेट खुल गया है। इस बीच भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि फिलहाल फारस की खाड़ी इलाके में 10 भारतीय झंडे वाले जहाज मौजूद हैं, जबकि दो अन्य भारतीय जहाज इस ओर से फारस की खाड़ी में गए हैं। जायसवाल ने बताया कि भारत आने वाले 11 जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। इनमें तीन भारतीय ध्वज वाले कच्चे तेल के टैंकर शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक में लगभग 2.85 लाख मीट्रिक टन कच्चा तेल लदा हुआ है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय जहाज जल्द भारत पहुंचेंगे। मंत्रालय लगातार संबंधित देशों और एजेंसियों के संपर्क में है ताकि भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विदेश मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया था कि लगातार बातचीत ही पश्चिम एशिया में पक्की शांति और होर्मुज स्ट्रेट के जरिए बिना किसी रुकावट के नेविगेशन की आजादी और दुनिया भर में व्यापार के फ्लो का एकमात्र रास्ता है।

#### 17 जून को अमेरिका-ईरान के बीच हुआ था समझौता

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने 17 जून को युद्ध खत्म करने के लिए इलेक्ट्रॉनिकली समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसमें सौदे की आखिरी शर्तों पर बातचीत करने के लिए युद्धविराम को 60 दिन के लिए बढ़ाने की बात कही गई। इस समझौते ने अमेरिका और ईरान के बीच लगभग चार महीने से चल रहे झगड़े को खत्म कर दिया। तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और इलाके के सुरक्षा मुद्दों पर बातचीत के लिए 60 दिन का समय मिल गया। इससे पहले भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच दुश्मनी खत्म करने, इलाके को स्थिर करने और व्यापार को फिर से शुरू करने के मकसद से हुए समझौते का स्वागत किया था।

# केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने दिया इस्तीफा

■ नई दिल्ली



*65 साल के कुरियन केरल के कोट्टायम से हैं और पहले इस दक्षिणी राज्य में भाजपा के उपाध्यक्ष रह चुके हैं।*

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह निर्णय भारत के संविधान के अनुच्छेद 75 के खंड (2) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह पर लिया गया। 65 साल के कुरियन केरल के कोट्टायम से हैं और पहले इस दक्षिणी राज्य में भाजपा के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। पेशे से वकील कुरियन टीवी डिबेट्स में एक जाना-माना चेहरा रहे हैं। उन्हें अक्सर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के केरल दौरों के दौरान उनके भाषणों का मलयालम में अनुवाद करते हुए देखा जाता था।



# गंगा दशहरा पर रामगंगा घाट में उमड़ा आस्था का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर बुधवार को रामगंगा घाट पर श्रद्धा और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष दशमी तिथि के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक बनी रही। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। घाट परिसर में पूरे दिन धार्मिक वातावरण के बीच मेले जैसी रौनक देखने को मिली। प्रसाद, पूजन सामग्री, चाट-पकौड़ी और बच्चों के खिलौनों की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ-साथ मेले का भी आनंद लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक गंगा दशहरा को लेकर खास उत्साह देखने को मिला।

**हजारों श्रद्धालुओं ने किया पुण्य स्नान, मेले जैसा रहा माहौल**
**सुरक्षा और व्यवस्थाओं में प्रशासन रहा मुस्तैद**

पंचांग के अनुसार दशमी तिथि शाम 6 बजकर 12 मिनट तक रही, जिसके पश्चात एकादशी तिथि प्रारंभ हो गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार गंगा दशहरा पर स्नान और दान का विशेष महत्व है। इसी मान्यता के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामगंगा घाट पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार घाट पर मौजूद ब्राह्मणों ने श्रद्धालुओं से दक्षिणा व अन्नदान स्वीकार कर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान बिजेंद्र महाराज, शिवकुमार महाराज, राजकुमार महाराज उर्फ नागा बाबा और जसवीर महाराज श्रद्धालुओं को पर्व का धार्मिक महत्व बताते हुए अनुष्ठान कराते नजर आए।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

गंगा दशहरा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मानुष पारीक ने स्वयं रामगंगा घाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, वहीं रात में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी। पुलिस की मुस्तैदी के चलते आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। गंगा दशहरा के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया। इसके चलते बेसिक शिक्षा विभाग ने भी विद्यालयों के संचालन की तिथि में बदलाव किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परिषदीय विद्यालय 24 जून से खुलने थे, लेकिन अवकाश के कारण अब जिले के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय 25 जून, गुरुवार से अपने निर्धारित समय पर संचालित होंगे। बीएसए डॉ. विनीता ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को गुरुवार को समय से विद्यालय पहुंचने के निर्देश जारी किए हैं।

## सार संक्षेप



स्टेशन मास्टर को सम्मानित करते महाप्रबंधक। -जागरण मोर्चा

### सतर्क स्टेशन मास्टर ने टाली संभावित दुर्घटना, महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। इसी क्रम में इज्जतनगर मंडल के बनबसा स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर सूरज कुमार को 'स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ' घोषित कर नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। 15 अप्रैल 2026 को टनकपुर-दिल्ली एक्सप्रेस के बनबसा स्टेशन पर आगमन के दौरान सूरज कुमार ने इंजन से जुड़े प्रथम एसएलआर कोच से असामान्य रूप से धुआं निकलते देखा। उन्होंने तत्काल ट्रेन मैनेजर और लोको पायलट को इसकी सूचना दी। संयुक्त निरीक्षण में कोच में ब्रेक बाइंडिंग की समस्या पाई गई, जिससे पहिया पूरी तरह रिलीज नहीं हो रहा था। रेल कर्मचारियों ने तुरंत आवश्यक कार्रवाई कर समस्या को दूर किया और ट्रेन का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया। सूरज कुमार की सतर्कता, सूझबूझ और त्वरित निर्णय क्षमता से एक संभावित दुर्घटना तथा परिचालन बाधा को टाला जा सका। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा और अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं संरक्षा के प्रति सजगता की सराहना की।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप



**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र की एक 26 वर्षीय युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, धोखाधड़ी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र सौंपा है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार वह सिबिगंज की निवासी है और किराये पर रहकर परसाखेड़ा स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी कर जीवन यापन कर रही थी। युवती के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। करीब दो वर्ष पूर्व उसकी पहचान इसी क्षेत्र के रहने वाले युवक से हुई थी। आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर जनवरी 2024 में युवती के किराये के मकान पर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी ने जल्द कोर्ट मैरिज करने की कसम खाई और इसी बहाने लगातार करीब दो वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। अब आरोपी ने साफ तौर पर शादी से इनकार कर दिया है, जिससे युवती को ठगा हुआ महसूस हो रहा है। युवती ने आरोप लगाया कि जब उसने शादी को लेकर दबाव बनाया तो 3 अप्रैल 2026 को आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की, गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और अश्लील गालियां देते हुए धमकी दी कि यदि उसने पुलिस में शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता के अनुसार वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से निकल पाई। आरोप है कि आरोपी ने उसके किराये के मकान में रखा घरेलू सामान भी अपने कब्जे में ले लिया है और आए दिन रास्ते में रोककर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। मामले में पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आरोपी के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# शादी के दो दिन बाद युवक ने की आत्महत्या, खुशियां मातम में बदलीं

## सीबीगंज क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में शादी के महज दो दिन बाद एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

बुधवार दोपहर करीब एक बजे पुलिस को खड़ौआ और पस्तोर रेलवे क्रॉसिंग के बीच रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर सीबीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को ट्रैक से हटवाया गया। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त की गई। मृतक की पहचान जौहरपुर गांव निवासी 26 वर्षीय रामजी शर्मा पुत्र हरीश शर्मा के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रामजी की बारात 19 जून को शाहजहांपुर गई थी। विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद 22 जून को दुल्हन की विदाई हुई और वह घर लौटा था। घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था।

परिजनों के अनुसार गुरुवार को दुल्हन के मायके पक्ष से पहली विदाई के लिए लोग आने वाले थे और इसकी तैयारियां चल रही थीं। इससे पहले ही रामजी द्वारा उठाए गए इस कदम से पूरा परिवार सदमे में आ गया। शादी के कुछ ही दिनों बाद यह घटना होने से गांव में शोक का माहौल है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### घर में घुसकर विवाहिता से दुष्कर्म पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसका पति मजदूरी के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। इसी दौरान रात में वह घर में खाट पर सो रही थी। आरोप है कि गांव निवासी सुरेंद्र उर्फ सुलेंदर पुत्र भूपराम घर का गेट खुला देखकर अंदर घुस आया और उसके साथ जबरदस्ती की। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी और मुंह दबाकर दुष्कर्म किया।

घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर, गांव में इस मामले को लेकर प्रेम प्रसंग की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।



## सिटी सेंटर एलए मॉल लिफ्ट हादसे की जांच के लिए समिति गठित

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 13 लोगों के फंसे रहने की घटना पर प्रभावितों से साक्ष्य प्रस्तुत करने की अपील

**बरेली।** जिलाधिकारी बरेली के आदेश दिनांक 21.06.2026 के क्रम में सिविल लाइंस स्थित सिटी सेंटर एलए मॉल में स्थापित लिफ्ट में आई तकनीकी खराबी के मामले को लेकर प्रशासन ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। एडीएम कम्पाउंड के सामने स्थित मॉल में हुई इस घटना में 03 बच्चों और 03 महिलाओं सहित कुल 13 लोग लिफ्ट में फंस गए थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई थी। उक्त प्रकरण की जांच के लिए आदेश संख्या-204/अठारह-यू.आई. (2020-25) जे.ए., दिनांक 26.06.2026 के तहत एक पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। समिति में नगर मजिस्ट्रेट, बरेली; क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम, बरेली; मुख्य नगर नियोजक बरेली विकास प्राधिकरण; मुख्य अग्निशमन अधिकारी, बरेली तथा सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा, बरेली को शामिल किया गया है। प्रशासन की ओर से आमजन और घटना से प्रभावित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे इस मामले से संबंधित अपने मौखिक एवं लिखित साक्ष्य अथवा अभिकथन दिनांक 27 एवं 29 जून 2026 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि घटना की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### हाईवे पर सांड़ से टकराई बाइक, रामपुर के युवक की मौत

**बरेली।** बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात सड़क हादसा हो गया। मेहंदी का जुलूस देखकर लौट रहे दो युवकों की बाइक सांड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के जालिफ नगला उर्फ नयागांव निवासी अब्दुल शमी (18) के रूप में हुई है। घायल युवक सादिक (19) को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, अब्दुल शमी और सादिक मंगलवार को फतेहगंज पश्चिमी के गांव अगरास में मेहंदी का जुलूस देखने गए थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।




## महाविद्यालयों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल से मिला आठ सदस्यीय शिष्टमंडल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली एवं मुरादाबाद मंडल के महाविद्यालयों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर आठ सदस्यीय शिष्टमंडल ने सपा प्रत्याशी शिक्षक एमएलसी दानिश अख़्तर के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राजभवन में आनंदीबेन पटेल से भेंट की। शिष्टमंडल ने विश्वविद्यालयों द्वारा महाविद्यालय संचालकों के कथित उत्पीड़न की शिकायत करते हुए विस्तृत ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने विशेष रूप से गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का मामला उठाते हुए बताया कि सवा लाख विद्यार्थियों में से लगभग 98 प्रतिशत को अनुत्तीर्ण कर दिया गया है, जो अत्यंत चिंताजनक है। इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। राज्यपाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की मांग स्वीकार कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। साथ ही ज्ञापन में शामिल अन्य 16 बिंदुओं पर भी उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में दानिश अख़्तर के साथ जयेश प्रसाद (पूर्व एमएलसी, शाहजहांपुर), संजीव कुमार सक्सेना, सैय्यद हैदर अली, अशोक यादव, मोहम्मद साइम राजा, प्रशांत कुमार एवं अशोक चौधरी शामिल रहे। शिष्टमंडल ने राज्यपाल के सकारात्मक रुख के लिए आभार व्यक्त किया।

## सार्वजनिक भवनों व कोचिंग संस्थानों की अग्नि सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के निर्देशन में परिक्षेत्र के सभी जनपदों बरेली, बदायूं, पीलीभीत एवं शाहजहांपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों को हाल ही में सार्वजनिक भवनों एवं कोचिंग संस्थानों में हुई अग्निकांड की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए व्यापक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे सभी स्थलों का प्रभावी निरीक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। निर्देशों के तहत सभी जनपदों में कोचिंग सेंटर, स्कूल-कॉलेज, छात्रावास, अस्पताल व नर्सिंग होम, मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, बारातघर, बहुमंजिला भवन, व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं भीड़ एकत्र होने वाले अन्य सार्वजनिक स्थलों की सूची तैयार कर उनका सत्यापन कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भवन की संरचनात्मक सुरक्षा, प्रवेश व निकास मार्ग, आपातकालीन निकासी व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, क्षमता से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति, विद्युत वायरिंग, लोड क्षमता, अस्थायी कनेक्शन, गैस सिलेंडर एवं ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित उपयोग की जांच की जाएगी। संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा अधिनियम-2005, राष्ट्रीय भवन संहिता तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। गंभीर खामियां पाए जाने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों व अस्पतालों में नियमित अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**प्रयास** कृषि फार्म में काम के दौरान पुलिस अभिरक्षा को चकमा देकर भागा बंदी दिनेश, कई टीमें तलाश में जुटीं

## जेल से फरार उम्रकैद के बंदी पर एसएसपी ने घोषित किया 25 हजार का इनाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** केंद्रीय कारागार बरेली के कृषि फार्म से पुलिस अभिरक्षा में फरार हुए आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी दिनेश की तलाश में पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फरार बंदी को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 22 जून को दिनेश को केंद्रीय कारागार बरेली के कृषि फार्म में 45 अन्य बंदियों के साथ खेती के कार्य के लिए पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया था। दिनेश जनपद अमरोहा के थाना डिडौली क्षेत्र के नन्हेड़ा राजपूत गांव का निवासी है और वह पॉक्सो एक्ट के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब 12:30 बजे उसने पुलिस कर्मियों को चकमा दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तत्काल आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद थाना इज्जतनगर में आरोपी के खिलाफ धारा 262 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। फरार बंदी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने विशेष टीमें गठित की हैं, जो जिले के साथ-साथ आसपास के जनपदों में भी संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और प्रमुख मार्गों पर भी सतर्कता बढ़ा दी है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने स्पष्ट किया है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि यदि फरार बंदी के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या कंट्रोल रूम को सूचित करें। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया जाएगा।

### रिंग रोड के दोनों तरफ बनेगी 17 किमी लंबी सर्विस लेन

**बरेली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की बरेली डिवीजन ने रिंग रोड और बदायूं ने बरेली-मथुरा हाईवे के चौड़ीकरण का काम तेज कर दिया है। दोनों परियोजनाओं को जून 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

बरेली-मथुरा हाईवे का 27 और रिंग रोड का 16 फीसदी काम पूरा हो चुका है। 29.920 किलोमीटर के रिंग रोड के दोनों ओर 17 किलोमीटर की सर्विसलेन का काम भी शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा आठ स्थानों पर बस यात्रियों के लिए यात्री शेड भी बनाए जाएंगे। बरेली होकर गुजरने वाली सभी नेशनल और स्टेट हाईवे रिंग रोड में कनेक्ट होने के बाद शहर में भारी वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। अभी बदायूं, मथुरा, आगरा की ओर जाने-आने वाले वालों को शहर में आना पड़ता है। रिंग रोड बनने के बाद यह बाहर से ही गुजर जाएंगे। बरेली-मथुरा हाईवे का बदायूं-बरेली के बीच निर्माण एनएचएआई की बदायूं डिवीजन करा रही है। रामगंगा तिराहा तक का हिस्सा बदायूं के अधीन है। इसके आगे का काम बरेली डिवीजन को कराना है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242

## एक नजर

### शाहबाद में नशे में धुत पति ने पत्नी को सरेराह पीटा

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद के आंवला तिराहे पर पति पत्नी के बीच जमकर हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ, जब नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी की सरेराह पिटाई कर दी।सड़क पर महिला को पीटता देख लोग बचाने को आगे आए।इसी बीच पुलिस भी मौके पर आ गई और नशे में धुत पति को देखकर थाने पहुंची।थाने पर पत्नी ने पति को छोड़ने की गुहार लगाई।कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि महिला का पति नशे में था, उसकी पत्नी ने उसको छोड़ने की गुहार लगाई। हमने उसकी पत्नी के सुपुर्द कर दिया। वो उसे लेकर घर चली गई।

# ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## पटवाई पुलिस ने किया खुलासा, सामान बरामद, तीनों को कोर्ट में पेश किया

जागरण मोर्चा कार्यालय



पटवाई थाने में खड़े आरोपी और मौजूद पुलिस। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पटवाई पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से नकदी, लैपटॉप, स्वाइप मशीन, मोबाइल फोन, मोहरे, बिल बुक, चेक बुक, पास बुक, भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड व महिंद्रा थार बरामद हुई है। तीनों को कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चले गए।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते 23 जुलाई की रात को थाना पटवाई चेकिंग कर रही थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली थार गाड़ी से तीन लोग आ रहे हैं। गाड़ी रोकने पर उसमें सवार तीनों व्यक्तियों ने अपना नाम 1. प्रहलाद सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी काशीराम नगर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद, विवेक कुमार पुत्र महिपाल निवासी अलीगंज बेनाजीर थाना कोतवाली, हरविंदर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी ग्राम अलीगंज बेनजीर थाना कोतवाली बताया।

उसके बाद पुलिस उनको थाने ले आई। जहां पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोग लोगों को एपीके फाइल भेजकर फोन का एक्सेस प्राप्त कर उनके खातों से पैसा ट्रांसफर कराकर व जनता के व्यक्तियों को झूठा लालच देकर पैसा डबल ट्रिपल करने की स्कीम बताकर उन्हे अपने जाल में फंसा कर उनके खातों से धोखाधड़ी करते हैं। उसके बाद रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर देते हैं । हम लोग सीधे साधे लोगों को लालच देकर अलग अलग बैंक मे खाता खुलवा कर उन खातों से सम्बन्धित डेबिट कार्ड व इन्टरनेट बैंकिंग व मोबाइल फोन में उनकी इमेल आईडी तथा यूपीआई आईडी तक बना लेते है। तथा उनके इन्टरनेट बैंकिग व यूपीआई आईडी में इस्तेमाल मोबाइल सिम को हम अपने पास रखते है ताकि इन्टरनेट बैंकिग पर आया ओटीपी हमे प्राप्त हो सके। चेक बुक पर हस्ताक्षर भी ले लेते है ताकि जरुरत पड़ने पर साइबर अपराध द्वारा प्राप्त किए गए पैसों को निकाल सके। इन्ही लोगों की हम यूपीआई आईडी बनाकर इनकी बिना अनुमति के लेने देन का काम करते है। यह काम हम काफी लम्बे समय से कर रहे है, कोई हम पर शक न कर सके इसके लिये हमने दो तीन फर्जी कम्पनी भी खोल रखी है जिसके आधार पर हम लोगों का फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन पर फर्जी मोहर लगाकर बिजनेस अकांउट खुलवाते है।

खाता धारको को हम इसके बदले मे कुछ रुपया मुहैया करा देते है क्योकि हम लोगों द्वारा खाता धारको को यह बताते थे कि हम बिजनेस करने वाले लोग हैं और हम टैक्स बचाने के लिये आप के खातो से रुपयो का लेनदेन करेंगे ।

### बरामद सामान

7 .5 लाख रुपये, 1 लैपटाप, 1 पेटीएम कार्ड स्वाईप मशीन, 6 मोबाइल फोन, 6 मोहर भिन्न भिन्न कम्पनी, 4 बिल बुक, 18 एटीएम कार्ड भिन्न भिन्न बैंकों, 15 चैक बुक भिन्न भिन्न बैंकों की।4 पास बुक भिन्न भिन्न बैंको की, एक भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड व पैन कार्ड, थार गाड़ी बरामद की।

# जगेसर में अलम के जुलूस में ढोल बजाने को लेकर विवाद

- प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दो समुदाय के लोगों के बीच बनी सहमति
- शाम 6 बजे तक समाप्त करना होगा मोहर्रम के जुलूस

जागरण मोर्चा कार्यालय



दो समुदाय के विवाद के बाद ग्रामीणों संग बातचीत करते एसडीएम और सीओ।

**शाहबाद।** मंगलवार देर रात थाना क्षेत्र के जगेसर गांव में अलम का जुलूस में ढोल बजाने को लेकर पनपे विवाद में दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए। एक पक्ष के लोग ढोल और अलम लेकर अपने घरों को चले गए। विवाद की सूचना मिलते ही कोतवाल प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत की। दोनों ही पक्ष अपनी अपनी बात पर अड़े थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में रातभर पुलिस बल तैनात रहा। बुधवार सुबह फिर से विवाद बढ़ने से पहले ही एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन जगेसर गांव पहुंच गए और गांव के पंचायत घर में दोनों समुदाय के लोगों संग बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी।

एसडीएम और सीओ ने दोनों समुदाय के लोगों से बातचीत कर विवाद को समाप्त करा दिया। दोनों पक्षों के लोगों ने लिखित में समझौता हो गया। सीओ देवकीनंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार रात जगेसर गांव में अलम के जुलूस में ढोल बजाने को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें दोनों पक्षों के लोगों का समझौता हो गया है। भविष्य अलम के जुलूस में ढोल नहीं बजाए जाएंगे। मोहर्रम के दिन शाम 6 बजे तक ताज़िए जा जुलूस खत्म करने की सहमति बन गई है। ए-एसपी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

### मौत के मामले में अज्ञात चालक पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद पुलिस ने एसपी के आदेश पर अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया है।नगर के मोहल्ला कानून गौयान निवासी फरीद खां की पुत्री शोएबा खान 15 जून को अपनी स्कूटी से एमए की परीक्षा देने सैफनी जा रही थी। दोपहर सवा दो बजे शाहबाद बिलारी रोड पर राणा शुगर मिल के पास पीछे से आ रही ईको कार ने छात्रा की स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद शिवम पुत्र विशेष पाल निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना शाहबाद तथा रोमान पुत्र यूनुस निवासी मोहल्ला अमीर अली थाना शाहबाद ने पुलिस की मदद से घायल युवती को प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित पिता फरीद खां ने बताया कि पुत्री का दफन करने के बाद तीजे के उपरांत उन्होंने पुलिस अधीक्षक रामपुर को मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थना-पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक रामपुर के आदेश पर शाहबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# औषधि निरीक्षक के आगमन पर एसोसिएशन ने किया स्वागत

- 17 जून को प्रदेश के 25 औषधि निरीक्षकों के हुए थे तबादले

जागरण मोर्चा, कार्यालय



औषधि निरीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट करते जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी।

**रामपुर।** 17 जून को शासनादेशानुसार प्रदेश के 25 औषधि निरीक्षकों के तबादले हो चुके है। जिसमें जनपद रामपुर का भी नाम शामिल है। यहां पर तैनात मुकेश कुमार का जनपद बस्ती भेजा गया है। इनके स्थान पर पीलीभीत में तैनात नेहा वैश्य को रामपुर भेजा गया है। इनके आगमन पर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने फूलो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि औषधि निरीक्षक कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। जनपद के दवा व्यापारियों एवं औषधि प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय और संवाद की अपेक्षा व्यक्त की। निरीक्षक ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए दवा व्यवसाय से जुड़े सभी नियमों के पालन तथा जनहित में सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, महामंत्री आज़म खान, कोषाध्यक्ष सर्वेश सक्सेना, राजकुमार सेठी, राजू मदान, प्रतीक पंडित आदि मौजूद रहे।

# संक्रामक रोगों की गिरफ्त में घिरा जिला अस्पताल

- अस्पताल में उपचार के बजाए रोगी हो रहे बीमार

जागरण मोर्चा, कार्यालय



डायलिसिस सेंटर के बाहर बने मैनहॉल से बह रहा गंदा पानी।

**रामपुर।** जिला अस्पताल में स्वच्छता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से जिला अस्पताल संक्रामक रोगों को गिरफ्त में घिरा हुआ है यहां पर आने वाले रोगी उपचार के बजाए बीमार हो रहे हैं क्योंकि यहां पर डायलिसिस सेंटर के बाहर बने मैनहॉल ओवरफ्लो हो गया है जिससे मलमूत्र बाहर निकल रहा है मैनहॉल की स्थिति यह है कि इसमें सारा गंदा पानी आ रहा है। जिससे स्टॉफ रोगियों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रोगियों-तीमारदारों का कहना है कि बदबू और गदंगी की वजह से रूकना मुश्किल हो रहा है। खुले में बहता पानी मच्छरों और अन्य बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है। जिस पर स्थान का मैनहॉल ओवरफ्लो हुआ है यहां पर डाक्टरों, स्टॉफ के वाहन पार्क होते हैं। सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि गटर के गंदे पानी को फैलने से रोकने और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करने का इंतजाम कराए जा रहे हैं।

# बिना फायर एनओसी के धड़ल्ले से चल रहे कोचिंग सेंटर

जागरण मोर्चा कार्यालय




शाहबाद में धड़ल्ले से चल रहे कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी।

**शाहबाद।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर की बहुमंजिला इमारत में हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे में 15 मासूम छात्र-छात्राओं की जान चली गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद पूरे प्रदेश में अवैध और असुरक्षित कोचिंग संस्थानों के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है, लेकिन शाहबाद नगर में कोचिंग संचालक अभी भी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।

यहाँ धड़ल्ले से बिना फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के दर्जनों कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहाँ छात्रों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। यह प्राइवेट संस्थान नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे है। नगर के ढकिया रोड और चंदौसी रोड पर संकरी गलियों में चल रहे इन कोचिंग सेंटरों की जमीनी हकीकत डराने वाली है। रिहाइशी इलाकों की तंग इमारतों में लाइब्रेरी और कोचिंग सेंटर चल रहे है। सीएफओ विजय कुमार ने बताया कि शाहबाद में जल्द ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे विरत

**टांडा।** ई-रजिस्ट्री प्रणाली लागू होने का अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेंडरों द्वारा संयुक्त रूप से विरोध किया जा रहा है।बुधवार को तहसील के अधिवक्ता विरोध स्वरूप न्यायिक कार्य से विरत रहे, वे बृहस्पतिवार को भी न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। बार एसोसिएशन ने इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी और नायब तहसीलदार टांडा एवं सैदनगर को अवगत करा दिया है। चूंकि तहसीलदार न्यायालय में व्याप्त अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ता पहले से ही सांकेतिक हड़ताल पर हैं,इसलिए तहसीलदार न्यायालय से अधिवक्ता बुधवार को सांकेतिक हड़ताल पर रहे,वे गुरुवार को भी सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। अधिवक्ताओं ने ई रजिस्ट्री व्यवस्था के खिलाफ बुधवार को उपनिबंधक कार्यालय के सामने नारेबाजी की। बार एसोसिएशन ने उपजिलाधिकारी और नायब तहसीलदारों को इस आशय की सूचना देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही ई रजिस्ट्री व्यवस्था का अधिवक्ताओं,स्टाम्प वेंडरों और दस्तावेज लेखकों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान,महासचिव प्रथी सिंह सैनी,अनिल कुमार भारद्वाज, प्रताप सिंह चौहान, समर सिंह चौहान, कुंवर संजय कुमार सिंह, तारिक हुसैन अंसारी, अशोक कुमार, राजीव चौहान, अनूप चौहान, धर्मवीर चौहान, खुर्शीद अहमद, मोहम्मद अनीस, आलम हुसैन, अमित चौहान, राजवीर चौहान, सतवीर चौहान, इमरान पाशा, सोमवीर सिंह और शीशपाल चौहान एडवोकेट सहित स्टाम्प वेंडर नदीम अख्तर, रविंद्र सक्सेना, सुनील गुप्ता, रवि तथा बैनामा लेखक नाजिम, सोमपाल और अनीस आदि उपस्थित रहे।

### सांड की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा आईसीयू में भर्ती

**मिलक।** बरेली के थाना फतेहगंज क्षेत्र के ग्राम अगरास में मेहंदी का जुलूस देखकर बाइक से वापस मिलक लौट रहे दो युवकों को थाना मीरगंज ओवरब्रिज के पास अचानक सांड ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर आईसीयू में भर्ती है। मृतक की पहचान अब्दुल समी पुत्र नईम अहमद, 18 वर्ष, निवासी नयागांव थाना मिलक के रूप में हुई है। घायल युवक सादिक पुत्र अली बक्श, 17 वर्ष, भी मिलक क्षेत्र का ही रहने वाला है। दोनों मेहंदी का जुलूस देखने ग्राम अगरास गए थे और बाइक से वापस आ रहे थे।थाना मीरगंज क्षेत्र के ओवरब्रिज के पास अचानक सांड के सामने आने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अब्दुल समी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सादिक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह आईसीयू में जीवन और मौत के बीच जूझ रहा है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।घटना की सूचना पर मृतक के घर मे कोहराम मच गया।




1. The said Balance Sheet read with Disclosures and Notes there on as at 31st March 2026 are in agreement with book of accounts maintained at Head Office and Branches. The said Balance Sheet read with Disclosures and Notes thereon is a full & fair balance sheet containing the necessary particulars and it is properly drawn up so as to exhibit a true & fair view of affairs of the Bank as at 31st March 2026.
2. The profit & loss account shows a true and fair view of its Profit of the year ended on 31st March2026.
3. We have obtained all the information and explanations, which to the best of our knowledge and belief, were necessary for the purpose of our audit and have found them to be satisfactory.
4. The transactions of the branch, which have come to our notice have been within the power of the bank.
5. The returns received from the branches of the bank have been found adequate for the purpose of our audit.

The Balance Sheet read with the Disclosures and Notes thereon is a full & fair Balance Sheet containing the necessary particulars and it is properly drawn up so as to exhibit a true & fair view of affairs of the Bank as at 31st March 2026

9. **Audit Classification**

Audit Classification of the bank is **"A"** in terms of revised guidelines of norms for audit classification of Urban Banks as per Reserve Bank of India Circular No. UBD. No.POT.27/09.06.00/93-94, dated 17th August 1993.

**Date: 05/06/2026**
**Place: Rampur**
**UDIN:26078320VDICJM4805**

**For Arvind Kumar Agarwal & Associates**
**Chartered Accountants**
**(CA. Arvind Kumar Agarwal)**
**Partner**
**M.No.078320**
**FRN 009242C**

ARVIND KUMAR AGRWAL & ASSOCIATES Chartered Accountants Moradabad


Phone: (O):05912971223, Mob: 9837471659, E-mail:**aka_ca@yahoo**.com , akaca144@gmail.com


# ग्राम भरतरा में निर्माणाधीन स्टेडियम का रुका काम फिर शुरू

## तय समय सीमा में परियोजना पूरी करने के लिए दिन-रात होगा निर्माण कार्य

● रेलवे भूमि विवाद का निकला समाधान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल**। जनपद के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए राहत भरी खबर है। तहसील चन्दौसी के अंतर्गत ग्राम भरतरा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बन रहे आधुनिक स्टेडियम का कुछ दिनों से रुका निर्माण कार्य एक बार फिर शुरू हो गया है। जिलाधिकारी के हस्तक्षेप और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित होने के बाद निर्माण सामग्री के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार कर दिया गया है, जिससे परियोजना को पुनः गति मिल गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम भरतरा में आधुनिक खेल सुविधाओं से युक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य पिछले वर्ष प्रारंभ किया गया था। पिछले सप्ताह जानकारी मिली थी कि निर्माण सामग्री लेकर आने वाले वाहनों का रास्ता रेलवे विभाग द्वारा अपनी भूमि बताते हुए बंद कर दिया गया था, जिसके चलते निर्माण कार्य प्रभावित हो गया था। मामले को गंभीरता



ग्राम भरतरा के पास निर्माणाधीन स्टेडियम की बिल्डिंग।

से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं मौके का निरीक्षण किया और रेलवे अधिकारियों तथा तहसील प्रशासन के साथ बैठक कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। रेलवे की भूमि को अलग करते हुए निर्माण सामग्री के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग का चिन्हांकन कराया गया, जिसके बाद बुधवार से ट्रकों का आवागमन फिर से शुरू हो गया और निर्माण कार्य को दोबारा गति मिल गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में हुए समय के नुकसान की भरपाई के लिए दिन और रात दोनों पालियों में कार्य कराया जाए, ताकि स्टेडियम को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर जनपदवासियों को इसकी सौगात दी जा सके। उन्होंने बताया कि आधुनिक स्टेडियम परिसर में इंडोर स्टेडियम के साथ-साथ आउटडोर टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट एवं अन्य खेल गतिविधियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टाफ एवं प्रशिक्षकों के लिए दो आवासीय भवनों का निर्माण, चारदीवारी तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास भी कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह परियोजना पूर्ण होने के बाद जनपद के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक नया मंच मिलेगा। यह स्टेडियम क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## तुषार वार्ष्णेय का श्री कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए आनलाइन लकी ड्रा से चयन



खुशी जाहिर करते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। नगर के सुंदर मुहल्ला निवासी तुषार वार्ष्णेय का श्री कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के लिए आनलाइन कंप्यूटराइज्ड लकी ड्रा के माध्यम से चयन हुआ है। उनका चयन यात्रा के द्वितीय बैच में हुआ है। उन्हें आगामी 4 जुलाई को नई दिल्ली स्थित गृह मंत्रालय में रिपोर्टिंग एवं मेडिकल परीक्षण के लिए बुलाया गया है। तुषार वार्ष्णेय ने बताया कि वह प्रतिवर्ष श्रद्धा भाव से बाबा अमरनाथ यात्रा पर जाते हैं। इस बार भी उनकी अमरनाथ यात्रा की 10 वीं यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी थीं, लेकिन भोलेनाथ की असीम कृपा से उनका चयन कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए हो गया। उन्होंने कहा मैं बाबा अमरनाथ से क्षमा प्रार्थना करता हूं। भोलेनाथ ने इस बार मुझे अपने कैलाश धाम में बुलाया है। बाबा सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि करोड़ों शिव भक्तों की आस्था, श्रद्धा और भगवान भोलेनाथ के दिव्य धाम के दर्शन का परम सौभाग्य है।

तुषार के चयन पर अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल एवं उनके परिवार की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी और उनको स्वागत किया। अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए उनका चयन होना नगर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि चंदौसी से एक भक्त को भोले बाबा के निवास स्थान कैलाश धाम के दर्शन का सौभाग्य मिलना अत्यंत खुशी की बात है। इस दौरान मीरा गुप्ता, पूनम वार्ष्णेय, राहुल, अमित, उमाकांत, मोहित ठाकुर आदि मौजूद रहे ।

## रानी दुर्गावती निडर योद्धा के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी थीं

**चन्दौसी**। जिला सभल समाज वादी पार्टी ने नगर के बहजोई रोड स्थित कैंप कार्यालय में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार रानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने महारानी दुर्गावती जी के चित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्प अर्पित किए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा रानी दुर्गावती ने 16 वर्षों तक कुशलता से राज किया। उन्होंने 51 युद्ध लड़े और एक भी नहीं हारा, रानी दुर्गावती निडर योद्धा के साथ–साथ कुशल प्रशासक भी थीं। उन्होंने बांध, तालाब और नहरें बनवाकर जनता को जल संकट से बचाया। मंदिरों के साथ मस्जिदों को भी संरक्षण दिया। युद्ध में तीर लगने और घायल होने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। अंत में शत्रु के हाथों जिंदा पकड़े जाने से बेहतर समझा और खुद अपनी कटार सीने में उतारकर वीरगति को प्राप्त हुईं। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने कहा आज रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस हमें नारी शक्ति, स्वाभिमान और देशभक्ति का संदेश देता है। इस दौरान विमलेश कुमारी, बलवंत सिह, उमेश दिवाकर, कामरेड रेवाराम, दुर्गेश कुमारी, राजेश कुमारी, संगीता यादव, ममता मधुकर, कंचन रजोरिया, संजय मदान, रिंकु चौहन, विजय यादव, इन्द्रजीत यादव, शिवम यादव, बलवीर यादव, शेखर शर्मा, राहुल कुमार, चन्द्रकेश यादव, गिरीश यादव, तेजिंदर सिंह, पंकज शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापति, अभय यादव, पूरन सिंह मौर्य, महेश मौर्य, चरख सिंह, तेजपाल सिंह, मुकेश गैतम आदि मौजूद रहे।





बलिदान दिवस मनातें समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, रामपुर**

पत्रांक :- 1372/निविदा सूचना — दिनांक 23-06-2026

निविदा/विज्ञप्ति

दिनांक 29-06-2026 को मा० मुख्यमंत्री जी उ०प्र० के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम एवं जनसभा आयोजन हेतु हैलीपेड निर्माण एवं पार्किंग के कार्य हेतु 01 ऑफलाइन निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। कार्य समयबद्ध है। निविदा प्रक्रिया में वही निविदादाता प्रतिभाग कर सकते हैं, जिनके द्वारा महामहिम राष्ट्रपति/मा० प्रधानमंत्री/मा० मुख्यमंत्री स्तर के कम से कम 03 कार्यक्रमों के सफल आयोजनों का अनुभव हो। निविदा दिनांक 25.06.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी तथा अपरान्ह में 12.30 बजे के पश्चात खोली जायेंगी।

(कृष्ण वीर)
अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,
लो०नि०वि०, रामपुर


## सार संक्षेप

### परामर्श केंद्र पर 3 पत्रावली का निस्तारण

**चन्दौसी**। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत एवं क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह के निर्देशन अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक बैठक बुधवार को नगर के गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में संपन्न हुई। जिसमें पति–पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र थाना अध्यक्ष डा रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 29 पत्रावली को सुना गया। जिसमें 3 पत्रावली का निस्तारण किया गया और 1 परिवार को समझा कर उनका पुन: घर बसाया गया। इसके साथ 2 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि आदि लोग मौजूद रहे।



परामर्श केंद्र पर पति पत्नी को समझाती पुलिस व काउंसलर।

### बहिष्कार एवं विरोध प्रदर्शन रहेगा जारी

**चन्दौसी**। प्रदेश भर में लागू की जा रही ई–रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में तहसील परिसर स्थित उपनिबंधक कार्यालय में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टांप वेंडरों, टाइपिस्टों एवं अन्य संबंधित लोगों काअनिश्चितकालीन बहिष्कार चल रहा है। बुधवार को तीसरे दिन कार्य वहिष्कार जारी रहा। इस दौरान सभी कार्य पूरी तरह ठप रहे तथा उपनिबंधक कार्यालय के समक्ष अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर ने कहा कि ई–रजिस्ट्री व्यवस्था से आम जनता, अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं अन्य संबंधित लोगों के समक्ष अनेक व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न होंगी, इसलिए इस व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। सचिव दिलीप यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उपनिबंधक कार्यालय का बहिष्कार एवं विरोध प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान अशोक शर्मा, बलराम शर्मा, धनवीर यादव, दुष्यंत राणा, अनुज कुमार, प्रिंस शर्मा, हरपाल राणा, चोखेलाल सागर, गुड्डू, बाबूराम, रामसेवक, संजय, नरेंद्र प्रकाश, संतोष सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, स्टाम्प वेंडर, बैनामा लेखक, टाइपिस्ट एवं अन्य लोग शामिल रहे।





उपनिबंधक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

### लखनऊ अग्निकांडः किरन वेलफेयर सोसाइटी ने दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी**। लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में स्थित एक कोचिंग संस्थान में हुई भीषण अग्निकांड की घटना में दिवंगत हुए 14 विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां प्रज्वलित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि लखनऊ में हुई यह दु:खद घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। मासूम विद्यार्थियों का इस प्रकार असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ग्रुप के अध्यक्ष डा. नीलम वार्ष्णेय ने कहा 15 मासूम बच्चों की जान, ये सिर्फ खबर नहीं,15 घरों का उजड़ जाना है। 15 मांओं की कोख सूनी हो गई है और पिताओं के कंधे झुक गए। एनओसी देने वाले अफसरों ने अगर रिश्वत लेकर आंख मूंदी, तो भ्रष्टाचार आपराधिक लापरवाही में इन्हें भी जेल होनी चाहिए। ग्रुप के सदस्यों ने दुर्घटना में घायल विद्यार्थियों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान नीलम, रागिनी गुप्ता, अंशु, सिमरन, राखी, आशा गोस्वामी, मालती, नीतू, पूजा गुप्ता, मीनाक्षी, राखी, शिल्पी, रूपाली, पूजा रस्तोगी, रश्मि, सविता, गीता, रूबी, इंदु, प्रतिभा आदि मौजूद रहे ।

### महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, मौत

**चन्दौसी**। कोतवाली क्षेत्र भगवती विहार कालोनी में दंपती के बीच कहासुनी के बाद महिला ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन महिला को उपचार को मुरादाबाद ले गए। जहां बुधवार की सुबह उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। जनपद मुरादाबाद थाना बिलारी क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी अधिवक्ता सूर्यदेव पिछले कुछ समय से कोतवाली क्षेत्र के भगवती विहार कालोनी में किराए पर परिवार के साथ रह रहा है। पति–पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले महिला मीरा ने विवाद के बाद पति के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी थी। इसके बाद कुछ अधिवक्ताओं व पुलिस ने दोनों में समझौता करा दिया। इसके बाद मंगलवार की सुबह दोनों में दोबारा विवाद हो गया था। इसके बाद मीरा घर से चली गई। शाम को 5 बजे महिला ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो परिजन महिला को निजी हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुरादाबाद रेफर कर दिया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com





# युवक को रंजिशन मारी कार की टक्कर, मौत

## गुस्साए परिजनों ने मंगलवार देर रात करीब 2 घंटे किया हसनपुर अलीगढ़ मार्ग जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** बोलेरो कार चालक ने रंजिशन एक युवक को सामने से कार की टक्कर मार दी। जिसके बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसकी अस्पताल को ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव खैलिया खालसा का है।मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे गांव निवासी रामनिवास उम्र करीब 18 वर्ष पुत्र स्वर्गीय विजयपाल गांव निवासी अपने साथी सत्येंद्र व कृष्ण के साथ दौरारा से कुछ सामान लेकर अपने गांव खैलिया खालसा लौट रहा था। इसी बीच खैलिया पट्टी की तरफ से आ रही तेज गति की बोलेरो कार चालक ने रामनिवास के ऊपर कार चढ़ा दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसको रहरा सीएचसी लेकर जा रहे थे। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साये परिजनों ने हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर ग्राम दौरारा में करीब दो घंटे रोड जाम किया। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी के समझाने पर ग्रामीणों ने जाम खोला।



मृतक के परिजनों को समझाते हुए पुलिस क्षेत्र अधिकारी व मृतक का फाइल फोटो।

बताते चलें कि तीन दिन पूर्व मृतक रामनिवास के गांव खैलिया खालसा से हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर एक बारात गई थी। जहां बारात में लुहारी खादर व खैलिया खालसा के युवकों के बीच मारपीट हो गई थी। मंगलवार को लुहारी खादर से मृतक रामनिवास के गांव में बारात आई हुई थी।ग्रामीणों की मानें तो बारात में भी बारातियों तथा ग्रामीणों में किसी बात को लेकर हाथापाई हो गई थी। मृतक के चाचा चरन सिंह ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी शिवम सागर चंदनपुर खादर निवासी रोहित तथा तीन अज्ञात साथियों खिलाफ रहरा थाने में उसके भतीजे रामनिवास को रंजीशन कार चढ़ाकर कर हत्या करने के संबंध में रहरा पुलिस को तहरीर दी थी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी ने बताया कि मृतक रामनिवास के चाचा चरन सिंह की तहरीर पर शिवम सागर रोहित तथा तीन चार अज्ञात साथियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।उधर बुधवार शाम मृतक रामनिवास के शव का उसके परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक रामनिवास अपने पिता स्वर्गीय विजयपाल के पांच बहन भाइयों में अकेला बेटा था। रामनिवास की मौत से परिवार वालों का रो रो के बुरा हाल है।

## आठ मुहर्रम को अलम मुबारक का जुलूस

**मुरादाबाद।** आठ मुहर्रम को अलम मुबारक का जुलूस हर साल की तरह अपने परम्परागत रास्तो करुला रहमत नगर गली नं. 1 से अकरम वारसी के मकान से दस सराय चौकी होते हुए करबला की ओर रवाना हुआ। अकीदतमंद बड़े अहतराम के साथ करबला के शहीद हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की बरगाह में खिराजे अकीदत पेश कर रहे है। जूलूस में मुख्य रूप से अकरम अली वाससी, कैफ अली वारसी, शबान वारसी, दिलशाद वारसी, आज़म वारसी, मीठ कैफ बाबा हुसैन शाह वारसी, बाबा तुराब शाह वारसी, बाबा मेहबूब शाहा वारसी, बाना रहमत शाह वारसी, बाबा हसनैन शाह वाइसी, अनस् वारसी, इमरान वारसी, जावेद वारसी, मोजूद थे।



## सार संक्षेप

### विधायक नासिर कुरेशी को ज्ञापन देकर जताया विरोध

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1 जुलाई 2026 से प्रस्तावित ई-पंजीकरण डिजिटल रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध तथा दस्तावेज लेखक एसोसिएशन, मुरादाबाद के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की जा रही ई-पंजीकरण एवं डिजिटल स्टांपिंग व्यवस्था से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टांप विक्रेताओं, टाइपिस्टों एवं मुंशियों के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। साथ ही ग्रामीण एवं अशिक्षित नागरिकों को भी तकनीकी समस्याओं के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया कि ऑनलाइन पोर्टल पर तकनीकी खामियों, इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्याओं तथा पुराने अभिलेखों के डिजिटलीकरण में आने वाली बाधाओं के कारण संपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से मांग की कि 1 जुलाई से लागू होने वाली ई-पंजीकरण व्यवस्था, डिजिटल स्टांपिंग प्रणाली, 12 माह तक के किरायानामा एवं पट्टा विलेखों की ऑनलाइन प्रक्रिया तथा निबंधक मित्रों की नियुक्ति संबंधी आदेशों पर पुनर्विचार किया जाए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक एसोसिएशन, स्टांप विक्रेता संघ सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी, मुरादाबाद के महासचिव कपिल गुप्ता,राजीव चौधरी, सचिन शर्मा, विश्वास गुम्बर,आवरण अग्रवाल, बाबू, राजू सैनी, उमेश यादव, सौरभ चतुर्वेदी एवं अजय पाल सिंह सहित अनेक अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे। वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी, जिला प्रमुख महासचिव गौरव कुमार, महानगर प्रभारी अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. हनीफ, मोहित ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

### कल्कि धाम से विश्व पटल पर चमकेगा संभल

**संभल।** संभल का नाम केवल इतिहास और भूगोल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में यह अयोध्या, काशी और प्रयाग की तरह विश्वभर में अपनी पहचान स्थापित करेगा। यह बात मुंबई, महाराष्ट्र से आए स्वामी आनंद महाराज ने कल्कि धाम के दर्शन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि संभल का स्वर्णिम समय आने वाला है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा आचार्य प्रमोद कृष्णम के प्रयासों से यह तीर्थनगरी विश्व मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगी। स्वामी आनंद जी महाराज ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से आचार्य प्रमोद कृष्णम से मिलने का प्रयास कर रहे थे, जो अब जाकर संभव हो पाया। स्वामी आनंद जी ने कहा कि आज अनेक लोग अपनी सुविधानुसार आश्रम और भवन बनाते हैं, लेकिन आचार्य प्रमोद कृष्णम की सोच पूरी तरह परोपकार और मानवता के कल्याण से जुड़ी हुई है। आने वाले समय में जब कल्कि धाम विश्वस्तरीय आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित होगा, तब आचार्य प्रमोद कृष्णम का नाम भारतीय इतिहास में अमर हो जाएगा और लोग उनके योगदान को अवतारी पुरुष के रूप में स्मरण करेंगे।



आचार्य प्रमोद कृष्णम से वार्ता करते स्वामी आनंद महाराज।

### चोरी का सिलसिला फिर हुआ शुरू

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी इमरान का घर गांव के बाहरी छोर पर खेतों के किनारे है। वह कबाड़ी का काम करते हैं। इस समय वह और उनकी पत्नी आयशा बाहर हैं। सोमवार रात इमरान की मां रायदा आंगन में सो रही थीं, जबकि भाई मोहसिन छत पर सोया हुआ था। रात में किसी समय चोरों ने पीछे से नकब लगाया और अंदर दाखिल हो गए। रायदा और मोहसिन का आरोप है कि चोर घर से 20 हजार रुपये की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह खेत स्वामी चारा लेने आया तो उसने नकब देख घर में चोरी की जानकारी दी। यहां से कुछ ही दूर जोगेंद्र के घर में नकब लगाकर चोर कपड़ों से भरा संदूक ले गए। उसमें 20 हजार रुपये की नकदी भी रखी हुई थी। एक अन्य घर में भी चोर घुस गए, लेकिन यहां जाग हो जाने के कारण चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे सके। ग्रामीणों के यूपी-112 को फोन करने पर पुलिस गांव में गई। ग्रामीणों से चोरी की जानकारी ली, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने उन पर दबाव बनाया कि तहरीर में लिखकर दें कि चोरी की कोशिश की गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव में पुलिस गश्त के लिए नहीं आती। उन्होंने हलका दरोगा या किसी पुलिसकर्मी को गश्त करते नहीं देखा। ग्रामीणों ने मंगलवार रात भी गांव के जंगल में चोर देखे जाने का दावा किया। सीओ अंजलि कटारिया का कहना है कि तहरीर मिल गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप

**हसनपुर।** नगर निवासी अब्दुल करीम ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सोशल मीडिया पर पैगंबर मोहम्मद साहब और उनकी पत्नी हजरत आयशा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है।शिकायतकर्ता के अनुसार नाजिया इलाही खान नामक महिला ने फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम पर एक भड़काऊ वीडियो पोस्ट किया, जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। और समाज में भारी आक्रोश है।अब्दुल करीम का आरोप है कि इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय टालमटोल कर दिया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से मामले का तुरंत संज्ञान लेने, आरोपी महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने तथा उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स तुरंत बंद कराने की मांग की है।

### पांच अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**हसनपुर।** नगर के चामुंडा रोड व करनखाल रोड पर बुधवार दोपहर बाद प्रशासन का कड़ा रुख देखने को मिला। बिना धारा-80 की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने के लिए बाबा का बुलडोजर गरजा। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, स्थानीय कानूनगो और लेखपाल भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। टीम ने करनखाल रोड पर अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों के अवैध निर्माणों को पूरी तरह जमींदोज कर दिया।उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने सख्त लहजे में कहा कि क्षेत्र में बिना नियमानुसार धारा-80 कराए किसी भी तरह की अवैध प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अवैध निर्माणों के खिलाफ आगे भी ध्वस्तीकरण की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### किशोरी से दुष्कर्म व गर्भपात के आरोपी झोलाछाप का रहरा पुलिस ने किया चालान

**हसनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म व गर्भपात के आरोपी झोलाछाप को रहरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।जबकि दूसरे आरोपी विकास ने स्वयं न्यायालय में सरेंडर किया है। बतातें चले कि थाना क्षेत्र के गांव मालीपुरा निवासी किशोरी से दुष्कर्म व गर्भपात के मामले में अमृत विचार में "किशोरी से दुष्कर्म, गर्भपात का आरोप" नामक शीर्षक से प्रमुखता से एक खबर प्रकाश की थी। जिसके बाद बाल कल्याण समिति अमरोहा ने रेस्क्यू कर पहले किशोरी को बरामद किया तथा उसके बाद रहरा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे।जिसके बाद रहरा पुलिस ने गांव बिहारीपुर निवासी विकास, झोलाछाप हरीश तथा विकास के अन्य साथियों के खिलाफ दुष्कर्म व गर्भपात के मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की थी।रहरा थाने के एस.एस. आई संदीप पवार ने बताया कि बुधवार सुबह चचौरा मार्ग से झोलाछाप हरीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि आरोपी विकास ने खुद न्यायालय में सरेंडर किया है।



आरोपी झोलाछाप हरीश।

## वैदिक मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान पूजन के साथ हुआ सीएम मॉडल स्कूल का भूमि पूजन

**गजरौला।** धनौरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अहरोला माफी में प्रस्तावित सीएम मॉडल स्कूल के भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक राजीव तरारा ने कहा कि धनौरा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सीएम मॉडल स्कूल का निर्माण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इससे ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं प्रतिस्पर्धात्मक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि "शिक्षा से सशक्त समाज और शिक्षित युवा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं।" माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक तरारा ने कहा कि धनौरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल एवं अन्य जन सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सीएम मॉडल स्कूल का निर्माण क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ धनौरा विधानसभा की शैक्षणिक पहचान को भी नई मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर सोमप्रकाश मंडल अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष सतवीर सिंह, सतपाल सिंह, अरूण दीक्षित, निहार त्यागी, महकपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, ववलू सिंह, भारत सिंह, जितेंद्र सिंह सैनी, बलराम सिंह सैनी, राहुल चौहान, मनजीत सिंह, राजीव, सूरजपाल, कपिल, नितिन चौधरी, निशांक चौधरी, मुननैंदर, ईश्वर, विशाल, मोहित भाटी, वैभव गोयल, पवन चौधरी, शेर सिंह, सतीश त्यागी आदि मौजूद रहे।

## 'गौ माता को राज्य माता का दर्जा दे उसके पक्ष में करें मतदान'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बुधवार को नगर के अंतरासी रोड स्थित तीर्थ बैंक्वेट हॉल में 81 दिवसीय गविष्ट यात्रा के नगर आगमन पर सपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, कार्यक्रम में उत्तराम्नाय ज्योतिर्पीठाधीश्वर, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ, इस अवसर पर कांठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, अपने आशीर्वचन में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक हैं,भारत की पहचान केवल उसके विकास और आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से होती है, गौमाता हमारी आस्था, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं, उन्होंने कहा कि गौ-संरक्षण केवल धार्मिक विषय नहीं बल्कि राष्ट्रहित, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण से जुड़ा हुआ विषय है, कार्यक्रम में उपस्थित कांठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने अपने संबोधन में कहा कि हसनपुर की धरती पर जगद्गुरु शंकराचार्य जी का आगमन हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। ऐसे आध्यात्मिक और सामाजिक जागरण के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। हमें आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और मानवता के मूल्यों को मजबूत करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए।यह यात्रा उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभा में पहुंचकर गौ-संरक्षण और जनजागरण का संदेश दे रही है।



जगतगुरु शंकराचार्य का स्वागत करते हुए। -जागरण मोर्चा

इस मौके पर पंडित यतेंद्र शंकर गौड, आरिफ अख्तर,जगराम सिंह,चंद्रपाल सैनी,फ़ैसल अल्वी,संदीप गुर्जर, नवेन्द उर्फ़ गुड्डु प्रधान,वसीम मलिक,यूसुफ़ क़ुरैशी,अनुज त्यागी पवन अग्रवाल , साजिद ख़ान , नदीम अंसारी , अखिलेश जाटव , भूपेंद्र चौधरी, इकराम चौधरी ख़ानचंद खड़गवंशी, जितेंद्र बिधूड़ी,अरविंद कसाना, इक़बाल हमीद , यशवीर नागर, रिंकू पंडित , गुड्डू प्रधान , विजयपाल सैनी, चंद्रपाल कसाना, मिंटू जाटव , दिनेश गौतम, नीरज त्यागी, शिवम मावी , जुहैब अय्यूब , नदीम गंगवार सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## नियमों के विपरीत संचालित दीपा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर को सील

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** शहर में अवैध निर्माण और नियमों के विपरीत संचालित संस्थानों के खिलाफ मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली रोड स्थित दीपा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर को सील कर दिया है। एमडीए की इस कार्रवाई के बाद शहर के अन्य नियम विरुद्ध संचालित संस्थानों में भी हड़कंप मच गया है।

प्राधिकरण की जांच में सामने आया कि दिल्ली रोड पर एस.के. रेस्टोरेंट के निकट स्थित भवन में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बेसमेंट का निर्माण किया गया था। इसके साथ ही निर्धारित भू-उपयोग के विपरीत अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर का संचालन भी किया जा रहा था, जो विकास प्राधिकरण के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना गया।





एमडीए अभिलेखों के अनुसार इस मामले में वर्ष 2024 में ही वाद दर्ज किया गया था। निर्माण कार्य रोकने और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए संबंधित पक्ष को कई बार नोटिस जारी किए गए। इसके बाद नवंबर 2025 में भी अस्पताल संचालन बंद करने के लिए दो अलग-अलग नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन अस्पताल का संचालन लगातार जारी रहा।

23 जून 2026 को क्षेत्रीय अवर अभियंता देवेन्द्र यादव द्वारा किए गए निरीक्षण में अस्पताल संचालित मिलता पाया गया। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर एमडीए के प्रवर्तन विभाग ने परिसर को सील करने की संस्तुति की, जिसे सक्षम प्राधिकारी ने स्वीकार करते हुए कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए। एमडीए ने उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा 28-क तथा उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण (अनाधिकृत निर्माण को सीलबंद किए जाने की रीति) नियमावली-1998 के तहत कार्रवाई करते हुए जोन-03 प्रभारी को पुलिस बल की मौजूदगी में परिसर को तत्काल सील करने और अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## चारु अग्रवाल ने उत्तीर्ण की बीपीएससी परीक्षा

**गजरौला।** ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अशोक कुमार कश्यप की पुत्रवधू चारु अग्रवाल ने बिहार लोक सेवा आयोग की बिहार पुलिस सेवा में जेल सेवा की परीक्षा उत्तरीर्ण करके नाम रौशन किया है। वर्तमान में वे बिहार प्रशासनिक सेवा में कार्यरत भी हैं। नगर के बस्ती रोड स्थित भोलानाथ मंदिर वाली गली के निवासी अशोक कुमार कश्यप के पुत्र मनु कश्यप की पत्नी चारु अग्रवाल हाल ही में घोषित 70 वीं बीपीएससी परीक्षा के परिणाम में बिहार पुलिस सेवा एव जेल सेवा के लिये चयनित हुई हैं। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा सेन्ट मेरीज कान्वेन्ट स्कूल गजरौला से उत्तरीर्ण करके दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कालेज से अर्थशास्त्र से स्नातक तथा दिल्ली स्कूल आफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नात्तकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। चारु अग्रवाल को मिली इस सफलता से स्वजनों में उल्लास का माहौल है।



## अतिक्रमण हटवाने के लिए नगर पालिका ने कराई मनादी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर पालिका परिषद की ओर से शनिवार को अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए पालिका प्रशासन द्वारा नगर में बुधवार को मनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को पहले ही चेतावनी दे दी गई है।





अतिक्रमण हटवाने के लिए मनादी होते हुए।

अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि नगर में अतिक्रमण के कारण साफ-सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पालिका द्वारा कई बार लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की जा चुकी है, लेकिन चेतावनी के बावजूद कुछ लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। उन्होंन नगर के व्यापारियों और निवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुंदर सरधना बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि शनिवार को अभियान के दौरान यदि अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अतिक्रमण करने वाले सामान को भी जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा।

## गौ माता को लेकर बने कानून: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**गजरौला।** भानपुर रेलवे फाटक रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बुधवार सुबह आयोजित कार्यक्रम में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ज्योतिर्मठ बदरिकाश्रम ने कहा कि गोमाता के बारे में एक कानून हो। भारत सरकार गाय को पशु समझती है तो घोषणा करे। फिर उसे सबक सिखाया जाएगा। सरकार के किसी भी कागज पत्र में गाय पशु घोषित है। वह अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रही है। उसे अंग्रेजों की तरह सत्ता से हटाने के लिए जुट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा कि इतिहास में दर्ज है कि मुसलमानों ने खाने के लिए गाय का वध नहीं किया, बल्कि हिंदुओं को चिढ़ाने के लिए हत्या करते थे। मगर पशु को मुसलमान शासकों ने भी पशु नहीं माना। वह इस संबंध में मौन रहे। गाय को पशु मानने का कानून अंग्रेजों ने बनाया। जबकि बेदों में पुराणों में गाय को माता माना गया। गोहत्या पर पशु क्रूरता का कानून लागू होना गलत है। उन्होंने आह्वान किया कि गाय को पशु मानने वाली सरकार को सत्ता से हटाने के लिए जुट जाने का समय है। उन्होंने कार्यक्रम में संविधान की पुस्तकें भेंट कीं। इस मौके पर पूर्व विधायक अशफाक अली खान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी, विपिन कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जगराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, उमर फारुख सैफी, मास्टर अनवर अली, अमन चौधरी, जितांबर यादव, आलोक भारती आदि मौजूद रहे।



**गुस्सा** तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन करके एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## खाद की किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ भाकियू टिकैत में रोष,आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** क्षेत्र में यूरिया और डीएपी खाद की भारी किल्लत तथा निजी दुकानदारों द्वारा की जा रही मनमानी कालाबाजारी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा मंडल उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर के नेतृत्व में काफी संख्या में बुधवार को किसान तहसील पहुंचे। जहां पर विरोध प्रदर्शन करके उप जिलाधिकारी नीतू रानी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से भाकियू ने प्रशासन से कालाबाजारी पर तुरंत रोक लगाने और किसानों को सहकारी समितियों पर समय से सरकारी रेट पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।





तहसील गेट पर प्रदर्शन करतें भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी।

ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में यूरिया और डीएपी खाद की भारी किल्लत चल रही है। सरकारी सहकारी समितियों पर किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे वे परेशान हैं।

निजी दुकानदार इस मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। 280 की सरकारी कीमत वाला खाद का कट्टा निजी दुकानों पर 1000 तक की मनमानी कीमत में अवैध रूप से बेचा जा रहा है।

इस समय फसलों की बुवाई का सीजन चल रहा है। यदि समय पर खाद नहीं मिली तो बुवाई का सही समय निकल जाएगा, जिससे फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगी और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

युवा मंडल उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर ने चेतावनी देते हुए कहा कि कालाबाजारी के कारण क्षेत्र का आम किसान पूरी तरह लाचार हो चुका है।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने तुरंत इस पर संज्ञान लेकर कालाबाजारी बंद नहीं कराई और सरकारी रेट पर यूरिया-डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की, तो भारतीय किसान यूनियन तहसील और जिला स्तर पर एक बड़ा उग्र आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान पंकज राघव, अनिल कुमार, पवन राघव, हरिओम चौहान,अंकित ठाकुर, नगेंद्र ठाकुर, लाल ठाकुर, निर्भय ठाकुर, चेतन कुमार,सर्वेश दिवाकर, विकास चौहान, पंकज शर्मा, सुशील दिवाकर आदि शामिल रहे।

# दशहरा पर्व पर युवाओं ने एमएफ हाईवे पर राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

जागरण मोर्चा कार्यालय


आसफपुर में राहगीरों को शरबत पिलाते लोग।



औरछी में शरबत बांटते समाजसेवी व पुलिस के जवान।

**आसफपुर।** दशहरा पर्व के पावन अवसर पर जहां एक ओर लोग धार्मिक आयोजनों और पूजा-अर्चना में व्यस्त रहे, वहीं दूसरी ओर फैजगंज कस्बे के कुछ युवाओं ने समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए एमएफ हाईवे (मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग) से गुजरने वाले राहगीरों की प्यास बुझाने का कार्य किया। गंगोली मढ़ी के निकट झील के पुल पर स्थित शनि देव मंदिर के पास आयोजित इस सेवा शिविर में सैकड़ों राहगीरों को ठंडा और मीठा शरबत वितरित किया गया। दोपहर के समय तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में फैजगंज कस्बे के युवा गोविंद गुप्ता, ऋतिक वार्ष्णेय, संस्कार और शशांक गोविंद मिश्रा ने मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए शरबत वितरण का आयोजन किया। युवाओं ने हाईवे से गुजर रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, ई-रिक्शा, बाइक सवारों, कार चालकों तथा पैदल यात्रियों को रोक-रोक कर शरबत पिलाया और उन्हें गर्मी से राहत पहुंचाई। शनि देव मंदिर के समीप हुए इस आयोजन में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। राहगीरों ने भी उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बीच ठंडा शरबत मिलना किसी वरदान से कम नहीं है। कई यात्रियों ने युवाओं को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज के दौर में जहां अधिकांश युवा अपने निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं, वहीं इन युवाओं ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाकर एक सकारात्मक संदेश दिया है। उनका यह सेवा कार्य न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि मानवता और सामाजिक सरोकारों का भी परिचायक है। क्षेत्रवासियों ने युवाओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। दशहरा जैसे पावन पर्व पर किया गया यह जनसेवा का कार्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया।

### भीषण गर्मी में ओरछी चौराहे पर बांटा ठंडा शरबत

ओरछी। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे पर बुधवार को मानवता की एक ठंडी बयार देखने को मिली। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे पारे और चिलचिलाती धूप से बेहाल लोगों को राहत पहुंचाने के लिए स्थानीय समाजसेवियों और व्यापारियों ने आगे आकर एक सराहनीय पहल की। कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक के समीप राहगीरों और वाहन चालकों के लिए ठंडे और मीठे शरबत के वितरण का आयोजन किया गया। राहगीरों और व्यापारियों ने ली राहत की सांस दोपहर की कड़कड़ाती धूप में ओरछी चौराहे से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों, मुसाफिरों और आसपास के दुकानदारों ने रुककर ठंडा शरबत पिया और इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाई। शरबत वितरण के दौरान मुख्य रूप से अन्नी वार्ष्णेय, भारतीय स्टेट बैंक मैनेजर विजय कुमार, हर्षित सहित आसपास के तमाम सम्मानित व्यापारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


बिसौली में बैंक के बाहर खड़े कर्मचारी कृपया। -जागरण मोर्चा

### शॉर्ट सर्किट से बैंक में लगी आग, मैनेजर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**बिसौली।** नगर के रोडवेज स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में मंगलवार को शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग लगते ही बैंक परिसर में मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच अफरा-तफरी मच गई। गेट के पास हुए शॉर्ट सर्किट के बाद तेज धमाके के साथ आग भड़क उठी, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति गंभीर हो गई। घटना के दौरान बैंक मैनेजर विवेक कुमार वर्मा ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए और समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी कर्मचारी या ग्राहक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। प्रबंधक ने बताया कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बैंक की सेवाएं फिर से सामान्य रूप से शुरू कर दी गई हैं।


बैठक में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

### सीडीओ ने दिए निर्देश: पोषण, शिक्षा और पशुधन सुरक्षा में न हो लापरवाही

**बदायूं।** विकास भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि आगामी सम्पूर्ण अभियान 6.0 को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु पोषण, विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता और पशुधन की सुरक्षा तीनों क्षेत्रों में समन्वित कार्यवाही आवश्यक है। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही बाढ़ व वर्षा के मद्देनजर पशुपालन विभाग को पहले से तैयार रहने, गोवंशों के संरक्षण और चारा-पानी की समुचित व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### चारा मशीन की चपेट में आने से किसान की मौत

**बदायूं।** थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव वस्तुईया में बुधवार को हादसा हो गया। घर पर पशुओं के लिए चारा काटते समय 53 वर्षीय किसान सर्वेश का संतुलन बिगड़ गया और वह मशीन की चपेट में आ गए। परिजनों ने इंजन बंद किया, तब तक किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से दहगवां सीएचसी ला रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। थाना जरीफनगर के ग्राम वस्तूईया निवासी सर्वेश (53) रोज की तरह अपने घर पर पशुओं का चारा काटने के लिए मशीन चला रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे मशीन की चपेट में आ गए थे। सूचना पर सीएचसी पुलिस पहुंच गई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# 10 वर्ष पुराना अवैध कब्जा ध्वस्त, बजरंग दल-विहिप के लंबे संघर्ष के बाद सरकारी भूमि हुई कब्जामुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय


सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने तहसील प्रशासन व पुलिस बल के लोग। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** दूनपुर स्थित सरकारी भूमि पर करीब 10 वर्षों से किए गए अवैध कब्जे को मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हटवा दिया। संयुक्त मजिस्ट्रेट साईं आश्रित शाखमुरी के निर्देशन में नायब तहसीलदार अनंगराज तथा थाना प्रभारी सुभाष कुमार की मौजूदगी में पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त कर भूमि को कब्जामुक्त कराया।

बताया जाता है कि सरकारी भूमि पर लंबे समय से कबाड़ का कारोबार संचालित किया जा रहा था। अवैध निर्माण और चारदीवारी के कारण प्रजापति समाज के मिट्टी के बर्तन बाजार के रास्ते में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी थी। मामले को लेकर लगातार शिकायतें की जाती रहीं, जिसके बाद प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई अमल में लाई। स्थानीय लोगों के अनुसार इस भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने लंबे समय तक संघर्ष किया। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्तरों पर शिकायतें दर्ज कराईं, अधिकारियों से मुलाकात की तथा जनहित के इस मुद्दे को लगातार उठाया।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि संघर्ष के दौरान उनकी आवाज दबाने और उन पर झूठे आरोप लगाने के भी प्रयास किए गए, लेकिन उन्होंने पीछे हटने के बजाय कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना संघर्ष जारी रखा। अंततः प्रशासनिक जांच और कार्रवाई के बाद सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया गया, जिसे कार्यकर्ताओं ने "सत्य की जीत" बताया। बजरंग दल के जिला मंत्री शुभम पाराशरी ने कहा कि यह केवल एक भूमि को कब्जामुक्त कराने का मामला नहीं, बल्कि जनहित और कानून के सम्मान की जीत है। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इस पूरे अभियान में जिला मंत्री शुभम पाराशरी, अर्पित , राजेश, सोनू, शंकर, आकाश सहित बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के अनेक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार जनहित की जीत हुई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के भू-माफियाओं में हड़कंप का माहौल देखा जा रहा है।

# निजामुद्दीनपुर शाह के पास दंपती को गिराकर लूटपाट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बाइक सवार तीन बदमाश तमंचे के बल पर जेवर, मोबाइल और नकदी ले गए**

**आसफपुर।** विकास खंड आसफपुर के गांव निजामुद्दीनपुर शाह निवासी एक परिवार से मंगलवार रात बाइक सवार बदमाशों ने लूटपाट कर ली।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र में निजामुद्दीनपुर शाह और रतनपुर कोठी के बीच तीन बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर परिवार को गिरा दिया। इसके बाद तमंचे के बल पर महिला के जेवर, मोबाइल फोन, नकदी समेत अन्य सामान लूटकर फरार हो गए।

गांव निजामुद्दीनपुर शाह निवासी नेपाल पुत्र गुलजारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात वह अपनी मां मोहन्देवी और पत्नी के साथ बाइक से दंदूपुर जा रहा था। रात करीब 9:45 बजे पीछे से अपाचे बाइक पर सवार तीन युवक आए और उनकी बाइक में साइड मार दी। इससे तीनों सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि बदमाशों के हाथों में तमंचे थे।

उन्होंने परिवार को डराकर नेपाल की पत्नी के गले में पहना सोने का ओम, चांदी की पाजेब, ओप्पो मोबाइल फोन, पर्स, 360 रुपये नकद तथा बाइक की चाबी लूट ली। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने राहगीर के मोबाइल से अपने भाई को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची। नेपाल का कहना है कि सामने आने पर वह बदमाशों को पहचान सकता है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में छानबीन कर रही है और बदमाशों की तलाश में जुटी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# आरिफपुर नवादा में कथित जुए का कारोबार, पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय


जुए में जीत हार की बाजी लगाते लोग।

> एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसकी सिविल लाइन पुलिस जांच कर रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -रजनीश उपाध्याय
> सीओ सिटी, बदायूं

**बदायूं।** जिले के आरिफपुर नवादा क्षेत्र में खुलेआम जुए के कथित कारोबार को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में लंबे समय से जुए के फड़ सज रहे हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि इस गतिविधि की जानकारी संबंधित पुलिस को भी है, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, जुए के कारण युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और कई परिवार आर्थिक व सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार शिकायतें कीं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं और कुछ लोग मिलीभगत की आशंका भी जता रहे हैं। हालांकि, पुलिस की संलिप्तता के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही इस मामले में पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। ऐसे में स्थिति को लेकर असमंजस बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आरिफपुर नवादा में चल रहे कथित जुए के कारोबार की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि अवैध गतिविधियां पाई जाती हैं तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, मामले में पुलिस की भूमिका की भी पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कायम रह सके।

# मोहर्रम को लेकर बिसौली में पुलिस का पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय


बिसौली में पैदल ग्रस्त करते इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा व अन्य। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग भी की गई, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने मिश्रित आबादी वाले इलाकों और मुख्य बाजारों में व्यापारियों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों से संवाद कर मोहर्रम को पारंपरिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया। इस दौरान चौकी इंचार्ज अमित चौहान, चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह, कांस्टेबल राजीव कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य के आवास पर विशाल भंडारे का आयोजन, उमड़े श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय


भंडारे का वितरण करते विधायक आशुतोष मौर्या व अन्य। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर आज बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य "राजू भैया" के स्थानीय आवास पर एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

भंडारे की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना और मां गंगा के स्मरण के साथ हुई। इसके बाद विधायक आशुतोष मौर्य ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों को प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिओम पाराशरी, प्रभाकर शर्मा "लिट्टे", नीटू पाल, निगमेश्वर मिश्रा, मनोज गुप्ता, सुनील सिंह, रितेश चौहान, शैलेश शर्मा, मुकेश मिश्रा, राजकुमार मौर्य, दीपक चौहान, राहुल सिंह. अंबुज सिंह. विनीत शर्मा, राधेश्याम सागर, पुष्पेंद्र मौर्य, पप्पू गिहार एवं सोनू मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे। विधायक आवास पर दिनभर जयकारों और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

# बिसौली के डी. पॉल स्कूल में लगी लिफ्ट, छात्रों को मिलेगी सुविधा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर के डी. पॉल विद्यालय में नई लिफ्ट सुविधा का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने किया। प्रबंधक फादर डॉ. मार्टिन वी.सी. के निर्देशन में तैयार यह सुविधा विद्यालय को आधुनिक रूप प्रदान करती है।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार यह क्षेत्र का पहला स्कूल है जहाँ लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। इससे बच्चों, शिक्षकों और आगंतुकों को ऊपरी मंजिलों तक पहुँचने में आसानी होगी। खासतौर पर दिव्यांगजन और बुजुर्गों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्य अतिथि ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणादायक बताया।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्त

सुदामा हॉस्पिटल

जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)

समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक

DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai

क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
- सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
- चेहरे पर कील, मुंहासे, पिम्पल होने या पेट की तो गैस
- जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
- बारबार बुखार आना व न उतरना
- कमजोरी का लगना व भूख न लगना
- बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
- भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
- पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
- एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
- छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
- शुरिक एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
- हाई या लो बी. पी.
- हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
- दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
- खून की कमी व विटामिन की कमी
- जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
- जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएं
- जँद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
- बिडबिड़ापन, काम करने की समस्या
- दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
- पेशाब आना मक्की शिकायतें व अन्य

7078173252

इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध / सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

# कछला गंगा घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, डीएम-एसएसपी ने परखी व्यवस्था


कछला गंगा घाट पर उमड़ी भीड़। -जागरण मोर्चा


घाटों का निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उझानी क्षेत्र में कछला गंगा घाट पर बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। गंगा स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रही। जिला प्रशासन की ओर से गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए। सुबह डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा ने गंगा घाट पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी अंकिता शर्मा ने गंगा दशहरा/ज्येष्ठ दशमी गंगा स्नान पर्व पर कछला बॉर्डर एवं कछला गंगा घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित किये स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन, पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की। अफसरों को निर्देशित किया कि गंगा घाट पर महिला श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि रखें, श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसका ख्याल रखें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील अहलावत आदि मौजूद रहे।

# ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंदा एक की मौत, दो की हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उझानी में दावत खाकर घर लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को सामने से ट्रक ने रौंद दिया। लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े मिले तीनों लोगों को लेकर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज शुरू होने से पहले ही एक की मौत हो गई। बाकी दोनों घायलों की हालत गंभीर है।

हादसा मंगलवार रात करीब एक बजे बरेली-मथुरा हाईवे पर बुटला गांव के पास हुआ। कोतवाली क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी सूरजपाल (50), उनके परिवार के प्रवेश (30) और नितिन (18) सहसवान क्षेत्र के गांव बड़ेरिया में दावत खाने गए थे। बाइक से लौटते समय बुटला गांव के पास सामने से ओवरटेक करके आ रहे ट्रक ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। उनकी बाइक भी चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग निकला। ट्रक पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस कर्मियों ने सूरजपाल, प्रवेश और नितिन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर नजर आने पर तीनों को रात में ही राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज शुरू होने से पहले ही सूरजपाल की मौत हो गई। मृतक के बेटे कुलदीप ने बताया कि हादसा ट्रक चालक की लापरवाही की वजह से हुआ है।

पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराके सूरजपाल का शव उनके परिजनों के हवाले कर दिया है। घायल दोनों युवकों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। बाइक सवार तीनों लोग हेलमेट नहीं लगाए थे। इसी वजह से उनके सिर में भी चोट आई है। सीओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# सम्पादकीय

## लापरवाही की लपटों में जलती जिंदगी: कब जागेगा तंत्र?

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने केवल एक इमारत को नहीं जलाया, बल्कि शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता, नियामक संस्थाओं की निष्क्रियता और व्यवस्था की खोखली पड़ चुकी जवाबदेही को भी उजागर कर दिया है। इस दुर्घटना में कोचिंग सेंटर के अनेक विद्यार्थियों की असामयिक मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि उस सड़ी-गली व्यवस्था का परिणाम है, जो हर त्रासदी के बाद कुछ दिनों तक सक्रिय दिखती है और फिर गहरी नींद में सो जाती है। राजकोट के गेमिंग जोन में आग, दिल्ली के शिशु अस्पताल में नवजातों की मौत, दिल्ली के होटल अग्निकांड, मुजफ्फरपुर अस्पताल की दुर्घटना और अब लखनऊ का अग्निकांड-इन घटनाओं की श्रृंखला बताती है कि भारत में मानव जीवन का मूल्य लगातार घटता जा रहा है। हर बार वही बयान सुनाई देता है-दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, जांच के आदेश दे दिए गए हैं, कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जांच और मुआवजा ही शासन का अंतिम दायित्व है? क्या सरकारें केवल दुर्घटना के बाद शोक व्यक्त करने और मुआवजा बांटने के लिए हैं? इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। लखनऊ की जिस इमारत में आग लगी, वहां कोचिंग सेंटर और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। यह अत्यंत गंभीर प्रश्न है कि क्या उस भवन को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त था? क्या भवन निर्माण मानकों का पालन किया गया था? क्या वहां आपातकालीन निकास मार्ग उपलब्ध थे? यदि थे, तो वे उपयोग में क्यों नहीं आए? और यदि नहीं थे, तो इतने लंबे समय तक प्रशासन की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी? यह केवल भवन स्वामी की लापरवाही नहीं है। यदि कोई व्यावसायिक संस्थान नियमों की अनदेखी करते हुए वर्षों तक संचालित होता रहता है, तो स्पष्ट है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक तंत्र की मौन सहमति या भ्रष्ट गठजोड़ सक्रिय है। आखिर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी क्या है? क्या उनका कार्य केवल लाइसेंस जारी करना और औपचारिक निरीक्षण करना भर रह गया है? या कमियों को ढंकते हुए अपनी जैबें गर्म करते रहना है? वास्तविकता यह है कि देश के अधिकांश शहरों में सार्वजनिक सुरक्षा भगवान भरोसे है। ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन उनमें सुरक्षा मानकों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। बहुमंजिला भवनों में अक्सर एक ही प्रवेश एवं निकास मार्ग होता है। अग्निशमन उपकरण या तो अनुपस्थित होते हैं या वर्षों से निष्क्रिय पड़े रहते हैं। आपदा प्रबंधन की कोई नियमित मॉक ड्रिल नहीं होती। भवनों में क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश दिया जाता है। नियम पुस्तकों में सुरक्षा व्यवस्था भले मौजूद हो, लेकिन जमीन पर उसकी स्थिति नगण्य है। इस विडम्बना का सबसे दुखद पक्ष यह है कि हर बड़ी दुर्घटना के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, रिपोर्टें तैयार होती हैं, लेकिन उन रिपोर्टों पर अमल नहीं होता। उपहार सिनेमा अग्निकांड से लेकर राजकोट और लखनऊ तक, देश ने अनेक त्रासदियों से सबक लेने की बात कही, परंतु व्यवस्था ने कुछ नहीं सीखा। प्रशासन की स्मृति अत्यंत अल्पकालिक हो चुकी है। कुछ दिनों तक छापेमारी, निरीक्षण और नोटिस जारी करने का नाटक चलता है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक अक्षमता की नहीं, बल्कि नैतिक पतन की भी है। भ्रष्टाचार ने सुरक्षा व्यवस्था की आत्मा को खोखला कर दिया है। निरीक्षण करने वाले अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर आंखें मूंद लेते हैं। भवन स्वामी अधिक लाभ कमाने के लिए सुरक्षा उपायों की उपेक्षा करते हैं। परिणामस्वरूप निर्दोष नागरिक अपनी जान गंवाते हैं। प्रश्न यह भी है कि क्या हमारे शहरों का विकास मानव-केंद्रित है? हम स्मार्ट सिटी, मेट्रो सिटी और विश्वस्तरीय शहरों के निर्माण की बात करते हैं, लेकिन यदि नागरिक सुरक्षित नहीं हैं, तो ऐसे विकास का क्या अर्थ है? किसी भी सभ्य समाज की पहली पहचान उसके नागरिकों की सुरक्षा होती है। यदि एक कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल या मॉल भी सुरक्षित नहीं है, तो हमें अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा। आज आवश्यकता केवल दोष निर्धारण की नहीं, बल्कि व्यापक संरचनात्मक सुधारों की है। सबसे पहले देशभर में सभी व्यावसायिक भवनों, कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों, मॉल, होटल और सार्वजनिक स्थलों का स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट कराया जाना चाहिए। जिन संस्थानों के पास अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र नहीं हैं या जो मानकों का पालन नहीं करते, उन्हें तत्काल बंद किया जाना चाहिए। दूसरे, अग्निशमन विभाग को आधुनिक संसाधनों और पर्याप्त मानवबल से सुसज्जित करना होगा। अनेक रिपोर्टों के अनुसार देश में फायर स्टेशनों और प्रशिक्षित फायर कर्मियों की भारी कमी है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अनुरूप अग्निशमन सेवाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। तीसरे, प्रत्येक सार्वजनिक भवन में हर छह माह में अनिवार्य मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए।

# विकसित भारत 2047 के संकल्प से समृद्ध मोदीजी का कार्यकाल

*आज देश में 138 करोड़ से अधिक लोगों के पास आधार पहचान है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। इनमें 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं, जिनमें अधिकांश ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों की महिलाएँ हैं। आधार, मोबाइल और बैंक खाते के इस त्रिवेणी मॉडल ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण को पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त बनाया है, जिससे सरकारी सहायता सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुँच रही है।*



■ नरेंद्र सिंह तोमर

(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं।)

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए। इस प्रकार उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के कार्यकाल का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल का प्रत्येक दिन विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में समर्पित रहा है। यह विकास केवल भौतिक प्रगति का प्रतीक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना, आत्मविश्वास और वैचारिक समृद्धि का भी द्योतक है।

आज हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी उस सांस्कृतिक चेतना को पुनः प्रतिष्ठित किया है, जो कभी उसकी वैश्विक पहचान थी। एक ओर काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, भव्य राम मंदिर का निर्माण और केदारनाथ धाम का पुनरुद्धार है, तो दूसरी ओर वंदे भारत ट्रेनें, आधुनिक एक्सप्रेस-वे और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना का विस्तार है। यह 'विकास भी, विरासत भी' की अवधारणा का सशक्त उदाहरण है, जिसने आधुनिकता और भारतीयता के बीच संतुलन स्थापित किया है।

जब दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की अवधि की तुलना होती है, तब उनके कार्यों और उपलब्धियों पर चर्चा स्वाभाविक है। पंडित जवाहरलाल नेहरू को स्वतंत्र भारत का शिल्पकार कहा जाता है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत-2047 के संकल्प का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों ने अपने-अपने समय की चुनौतियों का सामना किया, किंतु आज का भारत कहीं अधिक जटिल परिस्थितियों से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, आर्थिक परिवर्तन और सामरिक चुनौतियाँ आज के शासन को पहले की अपेक्षा अधिक कठिन बनाती हैं।

नेहरू के समय भारत की आबादी लगभग 34 करोड़ थी, जबकि आज यह चार गुना से अधिक हो चुकी है। उस समय देश की जीडीपी लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये थी और औसत विकास दर 3.5 से 4 प्रतिशत के बीच रहती थी। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय रूप से विस्तृत हुई है। वर्ष 2014-15 में देश की नॉमिनल जीडीपी 106.57 लाख करोड़ रुपये थी, जो 2024-25 तक बढ़कर 331.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। वर्ष 2026 तक भारत की जीडीपी लगभग 357 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुँचने का अनुमान है। यह परिवर्तन भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर करता है।



यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत ने कोविड-19 महामारी, वैश्विक मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक संघर्षों और वैश्विक सप्लाई-चेन की गंभीर बाधाओं जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना किया। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा।

स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में भारत आयात पर अत्यधिक निर्भर था और विदेशी मुद्रा का संकट गंभीर चुनौती था। आज स्थिति बदल चुकी है। बीते दशक में भारत की वैश्विक व्यापारिक हिस्सेदारी लगातार मजबूत हुई है। वर्ष 2013-14 में देश का कुल निर्यात 468 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो 2024-25 तक बढ़कर लगभग 825 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुँच गया।

स्वतंत्रता के समय भारत गरीबी, अशिक्षा, खाद्यान्न संकट और राष्ट्र-निर्माण जैसी बुनियादी चुनौतियों से जूझ रहा था। आज देश की प्राथमिकताएँ बदल चुकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान तथा महिला सशक्तीकरण जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रशासनिक दक्षता और सुशासन का नया मॉडल प्रस्तुत किया है।

स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण प्रोत्साहन और नवाचार आधारित विकास आज नए भारत की पहचान बन चुके हैं। यूपीआई, जन-धन और आधार के माध्यम से देश के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पाँच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार करोड़ों परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार बना है।

आज देश में 138 करोड़ से अधिक लोगों के पास आधार पहचान है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। इनमें 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं, जिनमें अधिकांश ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों की महिलाएँ हैं। आधार, मोबाइल और बैंक खाते के इस त्रिवेणी मॉडल ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण को पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त बनाया है, जिससे सरकारी सहायता सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुँच रही है।

दोनों प्रधानमंत्रियों के लंबे कार्यकाल को देखने पर स्पष्ट होता है कि यह केवल दो व्यक्तित्वों की तुलना नहीं, बल्कि स्वतंत्रता के बाद के भारत की विकास-यात्रा का प्रतिबिंब है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 4,399 दिनों के कार्यकाल में देश ने केवल शासन-प्रशासन में परिवर्तन नहीं देखा, बल्कि विकास के मानकों पर व्यापक और संरचनात्मक बदलाव का अनुभव किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केवल योजनाओं की घोषणा नहीं हुई, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया। यही कारण है कि आज भारत केवल विकास की चर्चा नहीं करता, बल्कि उसे धरातल पर उतारने की क्षमता भी प्रदर्शित करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत-2047 का जो लक्ष्य देश के सामने रखा है, वह केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा रखने वाले भारत की दिशा निर्धारित करने वाला राष्ट्रीय अभियान है। यह हम सभी का सौभाग्य है कि हमें ऐसा नेतृत्व प्राप्त हुआ है और हम विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे पा रहे हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रधानमंत्री मोदी को हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएँ।

# अमेरिका-ईरान युद्ध समझौता : कितना सार्थक, कितना निरर्थक?

जब कोई देश शांति की बात करता है, परंतु साथ-साथ युद्ध की भी तैयारी करता है, तो उसकी शांति वार्ता पर प्रश्नचिह्न अवश्य लग जाता है। मध्य-पूर्व में महीनों से चले आ रहे तनाव के बाद जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध-विराम समझौते की खबरें आईं, तो विश्व ने राहत की सांस ली। किंतु प्रश्न वही पुराना है - कागज़ पर हुई शांति क्या वास्तव में मैदान में टिक पाएगी? क्या यह समझौता क्षेत्रीय स्थिरता की नींव रखेगा या फिर अगली बमबारी से पहले का केवल एक विराम साबित होगा?



■ प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

**ट्रंप की चेतावनी : 'शर्तें टूटीं तो फिर होगी बमबारी':** समझौते के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि यदि ईरान ने शर्तों का उल्लंघन किया तो अमेरिका पहले से अधिक ताकत के साथ फिर बमबारी करेगा। यह वक्तव्य स्वयं इस समझौते की प्रकृति को स्पष्ट करता है। यह स्थायी शांति संधि नहीं, बल्कि शर्तों पर आधारित युद्ध-विराम है। अमेरिका की रणनीति साफ है - दबाव बनाए रखो ताकि ईरान कोई भी कदम उठाने से पहले कई बार सोचे। आलोचक इसे 'शांति के नाम पर धमकी' कहते हैं, जबकि समर्थक इसे व्यावहारिक कूटनीति मानते हैं। सच यही है कि जब तक नेताओं की भाषा में 'बमबारी' जैसे शब्द बने रहेंगे, तब तक स्थायी विश्वास स्थापित होना कठिन रहेगा।

**परमाणु कार्यक्रम : शर्तों की जंजीर:** समझौते का सबसे महत्वपूर्ण भाग ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ा है। ईरान को यूरेनियम संवर्धन 3.67 प्रतिशत तक सीमित रखना होगा, सेंट्रीफ्यूज की संख्या घटानी होगी तथा आईएईए निरीक्षकों को फोर्डो और नतांज परमाणु स्थलों तक पूर्ण पहुंच देनी होगी। इसके बदले अमेरिका और उसके सहयोगी देश आर्थिक प्रतिबंधों में चरणबद्ध ढील देंगे। किंतु यहीं सबसे बड़ी समस्या भी है। ईरान को आशंका है कि वह अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करेगा, लेकिन प्रतिबंध हटाने में अमेरिका टालमटोल कर सकता है। वहीं अमेरिका को भय है कि प्रतिबंध हटते ही ईरान फिर पुराने रास्ते पर लौट सकता है। इसलिए यही प्रावधान इस समझौते की सबसे बड़ी ताकत भी है और सबसे कमजोर कड़ी भी।

**व्यावहारिकता की जीत: मिसाइल कार्यक्रम पर नरमी:** पहले अमेरिका की मांग थी कि ईरान अपना बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पूरी तरह समाप्त करे। नए समझौते में इस रुख में परिवर्तन दिखाई देता है। अब केवल लंबी दूरी की उन मिसाइलों को सीमित करने पर जोर है, जिनका उपयोग सीमा-पार हमलों में हो सकता है, जबकि आत्मरक्षा संबंधी मिसाइलों पर कुछ छूट दी गई है। यह बदलाव महत्वपूर्ण है। अमेरिका समझ चुका है कि ईरान अपनी सुरक्षा से जुड़ी क्षमताओं पर पूरी तरह समझौता नहीं करेगा। इसलिए पूर्ण निरस्त्रीकरण के स्थान पर नियंत्रित संतुलन की नीति अपनाई गई है। हालांकि मिसाइलों की परिभाषा



और उनकी सीमा को लेकर भविष्य में विवाद की संभावना बनी रहेगी।

**युद्ध से विकास की ओर : पुनर्निर्माण का बड़ा प्रस्ताव:** समझौते का एक सकारात्मक पक्ष आर्थिक पुनर्निर्माण भी है। अमेरिका, यूरोपीय संघ और खाड़ी देशों ने मिलकर मध्य-पूर्व पुनर्निर्माण कोष बनाने की घोषणा की है। अनुमान है कि इसमें 200 अरब डॉलर से अधिक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस राशि का एक हिस्सा ईरान के बुनियादी ढांचे, अस्पतालों और ऊर्जा क्षेत्र के विकास में लगाया जाएगा, बशर्ते वह परमाणु समझौते की शर्तों का पालन करे। इसका सकारात्मक पक्ष यह है कि युद्ध से प्रभावित ईरान को आर्थिक राहत मिलेगी और क्षेत्रीय स्थिरता बढ़ेगी। लेकिन नकारात्मक पक्ष यह है कि पूरा फंड राजनीतिक शर्तों से जुड़ा हुआ है। यदि अमेरिका-ईरान संबंध फिर बिगड़ते हैं, तो विकास परियोजनाएं भी रुक सकती हैं।

**गले की फांस : होर्मुज जलडमरूमध्य:** सबसे संवेदनशील मुद्दा होर्मुज जलडमरूमध्य का है, जहां से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। समझौते के अनुसार ईरान नौवहन की स्वतंत्रता में बाधा नहीं डालेगा और अमेरिका अपनी नौसैनिक गतिविधियों को सीमित करेगा। यह वैश्विक व्यापार के लिए राहत का विषय है, लेकिन वास्तविक चुनौती विश्वास की है। ईरान इसे अपनी संप्रभुता का विषय मानता है, जबकि अमेरिका इसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग मानता है। यदि यहां कोई छोटी-सी नौसैनिक झड़प भी होती है, तो पूरा समझौता खतरे में पड़ सकता है।

**कितना सार्थक, कितना निरर्थक?:**

**सार्थक पक्ष :** फिलहाल युद्ध थम गया है और संवाद का रास्ता खुला है।

परमाणु कार्यक्रम की निगरानी से इजराइल और खाड़ी देशों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं कुछ हद तक कम हुई हैं।

आर्थिक प्रतिबंधों में ढील और पुनर्निर्माण योजनाओं से ईरान की जनता को राहत मिलने की संभावना है।

**निरर्थक पक्ष:** यह समझौता विश्वास नहीं, बल्कि शर्तों पर आधारित है। इसलिए इसकी स्थिरता संदिग्ध बनी हुई है।

मिसाइल कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण विवादों का स्थायी समाधान अभी भी नहीं हुआ है।

प्रतिबंधों से पूर्ण मुक्ति तत्काल नहीं, बल्कि चरणबद्ध है। यदि किसी भी पक्ष ने समझौते का उल्लंघन किया, तो पूरी प्रक्रिया फिर से संकट में पड़ सकती है।

**निष्कर्ष:** अमेरिका-ईरान का यह समझौता न तो पूर्ण शांति है और न ही पूरी तरह छलावा। यह युद्ध और शांति के बीच का एक संवेदनशील गलियारा है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि दोनों पक्ष केवल कागजी शर्तों तक सीमित रहते हैं या वास्तविक राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देते हैं।

यदि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम में पारदर्शिता बनाए रखता है और अमेरिका प्रतिबंधों में वास्तविक राहत देता है, तो यह समझौता मध्य-पूर्व में स्थायी शांति और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकता है। अन्यथा यह भी इतिहास के उन अनेक समझौतों की तरह केवल एक अस्थायी युद्ध-विराम बनकर रह जाएगा।

**(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति हैं।)**

# राजमाता रानी दुर्गावती : स्वाभिमान, सुशासन और अद्वितीय बलिदान

24 जून भारतीय इतिहास का वह गौरवपूर्ण दिवस है, जब मध्यभारत की महान वीरांगना राजमाता रानी दुर्गावती ने मातृभूमि, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान केवल एक रानी का नहीं, बल्कि राष्ट्रधर्म, आत्मसम्मान और जनकल्याणकारी शासन की अमर गाथा है।



■ लक्ष्मण राज सिंह मरकाम 'लक्ष्य'

रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व को समझने के लिए गढ़ा-कटंगा राज्य के महान शासक राजा संग्राम शाह के शासनकाल को जानना आवश्यक है। संग्राम शाह ने अपने पराक्रम, दूरदर्शिता और कुशल प्रशासन के बल पर राज्य का अभूतपूर्व विस्तार किया। उन्होंने अनेक दुर्गों पर विजय प्राप्त कर गढ़ा-कटंगा को मध्यभारत की प्रमुख शक्तियों में स्थापित किया। उनके शासनकाल में राज्य आर्थिक रूप से समृद्ध था। सोने-चाँदी के सिक्के प्रचलन में थे और मंडला तथा गढ़ा में टकसालें संचालित होती थीं। समकालीन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि राज्य की कृषि, हाथियों की संपदा और व्यापारिक समृद्धि दूर-दूर तक प्रसिद्ध थी।

राजा संग्राम शाह केवल विजेता ही नहीं, बल्कि अनुशासनप्रिय और न्यायनिष्ठ शासक भी थे। उन्होंने विलासिता से दूर रहकर दुर्गों की सुरक्षा, सेना के संगठन और जनकल्याण को प्राथमिकता दी। उनकी सेना में विभिन्न समाजों के सैनिक शामिल थे, जिससे सामाजिक समरसता और सैन्य शक्ति दोनों सुदृढ़ हुए। उनके पश्चात 1541 ईस्वी में दलपत शाह गद्दी पर बैठे और 1542 में चंदेल वंश की राजकुमारी दुर्गावती से उनका विवाह हुआ। इसी दंपति के पुत्र वीर नारायण आगे चलकर गढ़ा राज्य के उत्तराधिकारी बने।



1548 ईस्वी में दलपत शाह के असामयिक निधन के बाद पाँच वर्षीय वीर नारायण को राजगद्दी पर बैठाकर रानी दुर्गावती ने संरक्षिका के रूप में शासन संभाला। उनके नेतृत्व में राज्य ने राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक समृद्धि और जनकल्याण का नया अध्याय देखा। उन्होंने सिंचाई के लिए अनेक तालाब बनवाए, सड़कों, बाजारों और उद्यानों का विकास कराया तथा शिक्षा और प्रशासन को सुदृढ़ बनाया। उनके शासनकाल को मध्यभारत के स्वर्णिम कालों में गिना जाता है। रानी की वीरता का परिचय उस समय मिला जब मालवा के शासक बाजबहादुर ने गढ़ा-कटंगा पर दो बार आक्रमण किया। दोनों ही अवसरों पर उसे पराजय का सामना करना पड़ा। इससे रानी की सैन्य क्षमता और नेतृत्व की प्रतिष्ठा पूरे क्षेत्र में स्थापित हो गई। उन्होंने शरणागतों की रक्षा की और राज्य के प्रति निष्ठावान सहयोगियों को संरक्षण दिया, जिससे उनकी न्यायप्रियता और उदारता भी स्पष्ट होती है।

गढ़ा-कटंगा की समृद्धि और सामरिक महत्व ने मुगल सम्राट अकबर का ध्यान आकर्षित किया। अंततः 1564 ईस्वी में कड़ा-मानिकपुर के सूबेदार आसफ खान को गढ़ा पर आक्रमण का आदेश मिला। मुगल सेना संख्या, तोपखाने और आधुनिक हथियारों से सुसज्जित थी, जबकि रानी की सेना मुख्यतः पारंपरिक युद्धकौशल पर आधारित थी। परिस्थितियाँ प्रतिकूल होने के बावजूद रानी ने आत्मसमर्पण के बजाय संघर्ष का मार्ग चुना। सिंगौरगढ़ और उसके आसपास के क्षेत्रों में रानी ने मुगल सेना का साहसपूर्वक सामना किया। प्रारंभिक संघर्षों में उनकी सेना ने उल्लेखनीय सफलता भी प्राप्त की, किंतु विशाल मुगल सेना, आधुनिक शस्त्रों और कुछ स्थानीय विश्वासघातों के कारण युद्ध की दिशा बदल गई। अंततः नर्रई के युद्ध में रानी चारों ओर से घिर गईं। गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी उन्होंने बंदी बनना स्वीकार नहीं किया। 24 जून 1564 को उन्होंने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर स्वतंत्रता और स्वाभिमान की ऐसी मिसाल प्रस्तुत की, जो भारतीय इतिहास में अमर हो गई। इस युद्ध में वीर नारायण सहित गढ़ा राज्य के अनेक वीर सैनिकों ने भी अद्वितीय साहस का परिचय दिया। रानी का बलिदान केवल एक राज्य की पराजय नहीं था, बल्कि विदेशी विस्तारवाद के विरुद्ध भारतीय स्वाभिमान के संघर्ष का महत्वपूर्ण अध्याय था। रानी दुर्गावती का जीवन केवल युद्धकौशल तक सीमित नहीं था। वे एक आदर्श प्रशासक, प्रजावत्सला शासिका और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थीं। उन्होंने राजस्व का बड़ा भाग जनसुविधाओं पर व्यय किया, कृषि और जल-संरक्षण को बढ़ावा दिया तथा न्यायपूर्ण शासन स्थापित किया। यही कारण है कि लोकस्मृति में वे केवल वीरांगना नहीं, बल्कि जननायिका और राजमाता के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

आज, उनके बलिदान दिवस पर हम केवल उनकी वीरगाथा का स्मरण नहीं करते, बल्कि उनके सुशासन, राष्ट्रनिष्ठा और जनसेवा के आदर्शों से प्रेरणा भी ग्रहण करते हैं। राजमाता रानी दुर्गावती ने यह सिद्ध किया कि किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके आत्मसम्मान, साहस और जनता के प्रति समर्पित नेतृत्व में निहित होती है। राजमाता रानी दुर्गावती का जीवन भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उनका बलिदान सदैव आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देता रहेगा कि स्वाधीनता, स्वाभिमान और राष्ट्रधर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च त्याग भी छोटा होता है।

**(लेखक पूर्व सैन्य अधिकारी एवं प्रशासक हैं।)**

## अमेरिका ईरान समझौता कितना कारगर

अमेरिका और ईरान के बीच हुआ 60 दिन का मसौदा (युद्धविराम और समझौता) केवल एक अस्थायी राहत है। इसके दूरगामी होने पर भारी संदेह है क्योंकि यह दोनों देशों की विपरीत मजबूरियों पर आधारित है। जहां अमेरिका सैन्य टकराव को टालना चाहता है, वहीं ईरान इस दौरान प्रतिबंधों से राहत और बचाव चाहता है। फरवरी 2026 से शुरू हुए इस युद्ध का दुनिया भर के देशों ने नुकसान उठाया है। खासकर गैस और कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने से आर्थिक व्यवस्थाएं डगमगाई हैं। खैर अमेरिका और ईरान में 60 दिन के युद्ध विराम के मसौदे से वैश्विक शांति की ओर कदम जरूर बढ़े हैं लेकिन अमेरिका जिस तरह से विश्व के देशों से दादागिरी की भाषा में बात कर रहे हैं उससे लगता नहीं है कि यह मसौदा कारगर साबित हो । अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में उच्च-स्तरीय वार्ता के बाद तनाव को कम करने के लिए 60 दिनों के रोडमैप का एक 14-सूत्रीय प्रारंभिक मसौदा तैयार किया गया है। इस अवधि के दौरान दोनों पक्षों को स्थायी शाति और एक अंतिम समझौते तक पहुंचना है। इस मसौदे के मुख्य बिंदु और शर्तों में दोनों देशों और उनके सहयोगियों को तत्काल संघर्ष विराम का पालन करना होगा जिसमें इजरायल और लेबनान भी शामिल हैं। दोनों ने सैन्य अभियानों को तत्काल और स्थायी रूप से समाप्त करने की घोषणा की है। सबसे महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान ने व्यावसायिक जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए व्यवस्था की है और 60 दिनों के लिए इस मार्ग को सभी व्यावसायिक जहाजों के लिए बिना किसी शुल्क के खोलने पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिका ईरान की विदेशी संपत्तियों को आंशिक रूप से रिलीज करने पर विचार कर सकता है, बशर्ते इसका उपयोग केवल ईरानी जनता के हित में हो। अमेरिका 30 दिनों के भीतर अपने नौसैनिक नाकाबंदी को पूरी तरह से हटाने का भी कार्य करेगा। समझौते के सफल होने पर इसे संयुक्त राष्ट्र संघ के एक बाध्यकारी प्रस्ताव के माध्यम से मंजूरी दी जाएगी। कतर और पाकिस्तान द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि वार्ता सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में संपन्न हुई।

# भाजपा कर रही है संविधान बदलने की साजिश, इसलिए जुटाए जा रही दूसरे दलों के सांसद : अखिलेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने अलग-अलग पार्टियों के सांसदों के टूटने पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने अपने वोट के अधिकार से भाजपा के संविधान बदलने की साजिश को रोक दिया। इसलिए अब सांसदों को खरीद रही है और उन्हें डरा भी रही है। भाजपा संविधान बदलने के लिए सांसदों को इकट्ठा कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ के अलीगंज में हुई अग्निकांड की घटना में सुरक्षा नियमों का पालन नहीं हुआ। जब हजरतगंज के होटल में आग लगी थी तो सरकार ने कहा था कि 24 घंटे के अंदर बुलडोजर चल जाएगा। होटल सरकार समर्थक का था, इसलिए बुलडोजर नहीं चला। अलीगंज की घटना में इमरजेंसी सेवाओं का पहले तो फोन नहीं उठा, जब उठा भी तो कहा गया कि हम ये काम नहीं करते हैं।

अमृत काल और विश्वगुरू बनने वाली सरकार के पास इमरजेंसी में दीवार तोड़ने के लिए हथियार नहीं थे। दीवार काटने के लिए मशीन नहीं थी। अगर समय पर दीवार काट दी जाती तो बहुत बच्चों की जान बच जाती।सपा अध्यक्ष ने मांग की कि सरकार जान गवांने वाले नौजवानों के परिवारों को नौकरी दे या एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा दे। जो घायल हैं, उनका पूरा इलाज कराए और पूरी तरह स्वस्थ होने तक उनके वेतन के बराबर धनराशि हर महीने दें।




इस घटना में सुरक्षा मानकों का पूरा पालन हो, जिससे भविष्य में दोबार इस तरह की घटना न हो। उन्होंने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का बिना नाम लिए कटाक्ष किया कि कुछ लाग कैमरे के सामने दिखावटी आंसू बहा रहे थे। जब कैमरा बंद हुआ तो आंसू बंद हो गए। आज यहां अस्पतालों को खुद इलाज की जरूरत है।

अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भ्रष्टाचार भाजपा का धर्म बन गया है। अयोध्या में जमीनों में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। धन ही भाजपा का धर्म है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में पूरे देश से जो चढ़ावा आया, उसकी लूट हुई है। इस चोरी के खुलासे से देश और दुनिया के सामने बहुत खराब संदेश गया है। अयोध्या में लोगों के विश्वास में सेंध लगी है। सीएम का बिना नाम लिए कहा कि जिन्होंने वहां सबसे ज्यादा बार दौरा किया, उन्होंने क्या किया।

अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर भूमि सौदों को लेकर लगे आरोपों पर कहा कि भूमि संबंधी ये आरोप भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा हैं। भाजपा इन आरोपों के जरिये अपने ही मुख्यमंत्रियों की छवि खराब कर रही है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को हटाने की योजना के तहत यह पूरा घटनाक्रम सामने लाया जा रहा है। भाजपा सरकारों के इंजन आपस में टकरा रहे हैं।

## सार संक्षेप

### महाराणा प्रताप जनजाति राजकीय आईटीआई में प्रवेश 30 जून तक

**खटीमा।** महाराणा प्रताप जनजाति राजकीय आईटीआई में माह अगस्त 2026 से प्रारंभ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रवेश के लिए निर्धारित कुल 156 सीटों में 30% सीटे छात्राओं लिए आरक्षित हैं। प्रवेश के अंतिम तिथि 30 जून 2026 सायं 5 :00 बजे तक है। संस्थान अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अनुसूचित जनजाति के लिए संचालित इस संस्थान के इस सत्र में फीडर, इलेक्ट्रीशियन एवं सिलाई प्रौद्योगिकी में 20-20 सीटें कोपा एवं स्टेनोग्राफी हिंदी में 24 सीट तथा मैकेनिकल डीजल में 48 सीटों में प्रवेश लिए जाने हैं। अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अब तक 320 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है जिसमें 215 आवेदकों के आवेदन पत्र भरकर कार्यालय में जमा हो चुके हैं। निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा करने वाले अभ्यर्थियों में से शैक्षिक योग्यता के अनुसार प्रवेश दिए जाएंगे। संस्थान में प्रवेश लेने वाले प्रशिक्षार्थियों को उत्तराखंड सरकार द्वारा निशुल्क छात्रावास, भोजन, वस्त्र , स्टेशनरी आदि सुबिधा प्रदान की जा रही है। संस्थान अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने अधिक से अधिक छात्र छात्राओं से निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र जमा करने की अपील की है।

### आक्सीजन पार्क में भारत विकास परिषद ने लगाया योग शिविर



ऑक्सीजन पार्क में एकदिवसीय योग शिविर में नगर की महिला पुरुषों ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** भारत विकास परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के ऑक्सीजन पार्क में एकदिवसीय योग शिविर लगाया गया। शिविर में नगर की महिला पुरुषों के अतिरिक्त गणमान्य नागरिकों के बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतिभाग कर योग से स्वस्थ निरोग रहने की कला जानी। पीलीभीत रोड स्थित ऑक्सीजन पार्क में योग प्रशिक्षक विमलेश कुमार एवं योगशाला के डॉ मोनिका द्वारा लोगों को योग करने के तरीके बताएं। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दीपक बतरा, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल, प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा, प्रांतीय संयोजक सेवा सुनील रैदानी, विशाल गोयल, नीरज रस्तोगी, मनोज अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, दीपक चंद्र खर्कवाल, अचल शर्मा,नीरज वर्मा, संतोष अग्रवाल, रितेश टंडन, जगदीश पांडे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन मुकेश गुप्ता के धन्यवाद के साथ हुआ।

### गन्ने के खेत में मिला सड़ी-गली अवस्था में युवक का शव, पहचान होने के बाद परिजनों में मचा कोहराम

**खटीमा।** नानकमत्ता थाना क्षेत्र के प्रतापपुर नंबर-7 में बुधवार दोपहर गन्ने और लिप्टिस के पेड़ों के बीच एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार दोपहर करीब 1:55 बजे ग्राम प्रधान गुरसेवक सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि प्रतापपुर नंबर-7 स्थित एक खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर चौकी प्रभारी प्रतापपुर उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव में कीड़े पड़ चुके थे तथा चेहरा पूरी तरह खराब हो जाने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। इसी दौरान मौके पर पहुंचे बलजीत सिंह निवासी देशी भुड़िया, खटीमा ने कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान अपने भाई हरजीत सिंह (42) निवासी वार्ड नंबर-6, नानकमत्ता के रूप में की। शव की तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से पर्स मिला, जिसमें दो आधार कार्ड थे। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक चिकित्सालय खटीमा भेज दिया है। मामले में मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कागजों में सख्ती, जमीन पर समझौता

# राजधानी में बिना फायर एनओसी चल रहे 689 निजी अस्पताल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** शहर में संचालित 900 से अधिक पंजीकृत निजी अस्पतालों में केवल 211 अस्पतालों के पास ही फायर एनओसी है और 689 से अधिक अस्पताल बिना अग्निशमन विभाग की मंजूरी के संचालित हो रहे हैं। इससे हजारों मरीज और उनके तीमारदार हर दिन आग जैसी संभावित दुर्घटनाओं के खतरे के बीच इलाज कराने को मजबूर हैं। बिना पंजीकरण संचालित अस्पतालों की संख्या 5000 से भी अधिक है।




स्वास्थ्य विभाग के छापे में अस्पतालों में फायर एनओसी न मिलने पर अधिकारियों ने नोटिस जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली। बीते वर्ष 50 से अधिक अस्पतालों को नोटिस थमाए गए, लेकिन किसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इनमें ज्यादातर अस्पताल ग्रामीण क्षेत्रों के हैं।

नियमों के मुताबिक अस्पताल पंजीकरण के लिए फायर और बायोमेडिकल वेस्ट एनओसी अनिवार्य है। अस्पताल में आपात निकासी के लिए दो गेट भी होने चाहिए। सभी मानकों की जांच के बाद ही पंजीकरण दिया जाना चाहिए। लेकिन सूत्रों के अनुसार, जिम्मेदार अधिकारियों और अस्पताल संचालकों की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर अस्पतालों का संचालन जारी है। जांच के दौरान कमियां निकालने के बाद उन्हें जल्द दूर कराने के नाम पर अस्पतालों को मौखिक रूप से संचालन की छूट दे दी जाती है।

**अस्पतालों में हाल ही में हुई घटनाएं**

- **14 अप्रैल 2025 :** लोकबंधु अस्पताल की दूसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग, एक की मौत।
- **18 दिसंबर 2023 :** पीजीआई की ओटी में वेंटिलेटर में आग लगने से दो लोगों की मौत।
- **2 जनवरी 2024 :** सिविल अस्पताल की पैथोलॉजी में आग लगने से भगदड़।
- **जुलाई 2017 :** केजीएमयू में भीषण आग, पांच लोगों की जान गई।

निजी अस्पतालों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। कमियां मिलने पर नोटिस देकर जवाब मांगा जाता है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर संचालन पर रोक लगाई जाती है।
**-डॉ. एपी सिंह,नोडल अफसर निजी अस्पताल।**

# यूपी में बिजली मांग ने बनाया नया रिकॉर्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने दावा किया है कि भीषण गर्मी और बढ़ती मांग के बावजूद प्रदेश में बिजली व्यवस्था सुचारु बनी हुई है। निगम के अनुसार, शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ गांवों में भी निर्धारित समय से अधिक बिजली आपूर्ति की जा रही है और कई जिलों में लगभग चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराई गई है।

यूपीपीसीएल के मुताबिक, 23 जून की रात 10:26 बजे प्रदेश में बिजली आपूर्ति 32,405 मेगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह अब तक का सबसे अधिक पीक डिमांड आपूर्ति स्तर है। निगम का कहना है कि बढ़ती मांग के बावजूद सभी क्षेत्रों में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी और आवश्यक प्रबंधन किया जा रहा है।

निगम के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 18 घंटे बिजली आपूर्ति का शेड्यूल निर्धारित है, लेकिन गर्मी को देखते हुए अधिकांश इलाकों में 20 से 24 घंटे तक बिजली दी जा रही है। मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, भदोही और अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में 19, 20 और 21 जून को लगातार 24-24 घंटे बिजली आपूर्ति दर्ज की गई। बाराबंकी में भी इन दिनों लगभग चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराई गई।

पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी बिजली आपूर्ति निर्धारित समय से अधिक रही। मेरठ में 19 जून को 23.55 घंटे, 20 जून को 23.48 घंटे और 21 जून को पूरे 24 घंटे बिजली दी गई। गाजियाबाद में भी तीन दिनों के दौरान 23.53 से 24 घंटे तक बिजली उपलब्ध रही। लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में 19 जून को 23.58 घंटे, 20 जून को 22.54 घंटे और 21 जून को 23.12 घंटे बिजली आपूर्ति दर्ज की गई।

प्रदेश सरकार का दावा है कि वर्ष 2017 से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति काफी कमजोर थी। उस समय गांवों के लिए करीब 11 घंटे का शेड्यूल निर्धारित था, जबकि वास्तविक आपूर्ति कई जगह आठ से 11 घंटे तक ही सीमित रहती थी।

# पॉलीटेक्निक की सवा लाख सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया कल से, 365 संस्थाओं की 120984 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए 25 जून से काउंसिलिंग होगी।

प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग व अन्य पाठ्यक्रमों (फार्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर) की ऑनलाइन प्रवेश काउसिलिंग 25 जून से शुरू हो रही है। इसके लिए सभी राजकीय व अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थानों में सहायता केंद्र भी बनाया गया है।



संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया से प्रदेश के 365 पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। इनमें 156 राजकीय, 18 अनुदानित, 29 पीपीपी मॉडल व 162 निजी क्षेत्र के पॉलीटेक्निक संस्थाएं शामिल हैं। इनमें कुल 1,20,984 सीट हैं।

उन्होंने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा में घोषित परिणाम में अर्ह अभ्यर्थी ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेंगे। अभ्यर्थी समय सारणी के अनुसार काउंसलिंग पोर्टल jeecup.admissions.nic.in पर जाकर अपना पंजीकरण कराएं। इसे बाद संस्थान और पाठ्यक्रम में प्रवेश की संभावना देखकर अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।

# खटीमा-सितारगंज रोड पर दर्दनाक हादसा, बाइक सवार युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** खटीमा-सितारगंज रोड स्थित टोल प्लाजा के समीप बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, राहगीरों ने एक युवक को सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा देखा और इसकी सूचना 108 आपातकालीन सेवा को दी। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को नागरिक अस्पताल खटीमा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड के आधार पर सुनील दत्त जोशी (32 वर्ष) पुत्र बिशन दत्त जोशी निवासी बस्तिया टनकपुर जनपद चंपावत के रूप में हुई।प्रारंभिक जांच



मृतक सुनील दत्त जोशी।

में मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे उसकी मौत होने की आशंका है। हालांकि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। युवक की असामयिक मौत से परिवार में शोक की लहर है। समाचार लिखे जाने तक शव के पंचनामे की कार्रवाई जारी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर के मार्गो की पटरी फुटपाथ , पुरानी सब्जी मंडी मार्ग की पटरी पर ठेले फड लगाकर अपना व्यवसाय कर दो वक्त की रोटी पैदा करने वाले फड व्यवसायियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज कर उन्हें अन्यत्र बसाने की मांग की है।

ठेला फड एवं फुटकर सब्जी विक्रेता संघ अध्यक्ष पप्पू अली आदि ने पुरानी तहसील व पुराने अस्पताल परिसर अथवा पीलीभीत रोड वन विभाग की खाली पड़ी भूमि में बसाने की मांग की है। मांग को लेकर ठेला फड एवं फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने तहसील परिसर पर धरना भी दिया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को सौंपा और आवश्यक कार्य की मांग की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित हस्ताक्षर शुदा ज्ञापन



भूमि उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ठेला, फड़ एवं फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने तहसील में दिया घरना। -जागरण मोर्चा

एसडीएम सैनी को सौंपते हुए क्षेत्र के ठेला फड एवं फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने अपने अस्थाई व्यवसाय के लिए स्थान का अभाव बताते हुए उन्हें कहीं खाली पड़ी भूमि पर बसाने की मांग की। ठेला फड एवं फुटकर सब्जी विक्रेता संघ अध्यक्ष पप्पू अली ने एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से सीएम धामी को भेजे ज्ञापन में कहा है कि मार्ग की पटरी में फड लगाकर अपने छोटे से व्यवसाय के माध्यम से दो जून की रोटी पैदा करने वाले असहाय छोटे व्यवसाययों को हमेशा शासन प्रशासन के हाथों हटो बचो, सफाई अभियान की त्रासदी झेलनी पड़ती है। इससे बचने के लिए उन्होंने अस्थाई रूप से अन्यत्र व्यवस्थित करने की मांग की है ताकि उनकी वजह से आम जनता शासन प्रशासन ताकि आम जनता यातायात व्यवस्था में परेशानी न हो। ज्ञापन सौंपकर मांग करने वालों में राशिद अंसारी, जीशान अहमद ओवैसी, फईम अहमद अंसारी नवजोत, समीर, नजाकत अली, नफीस, शकील, फिरोज आदि सम्मिलित थे।

# अरविंद केजरीवाल ने दिए यूपी की राजनीति में सक्रिय होने के संकेत, कल अयोध्या में करेंगे रामलला के दर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यूपी की राजनीति में सक्रिय होने के संकेत दिए हैं। संजय सिंह यहां लगातार अलग-अलग मुद्दे उठा रहे हैं।



पेपर लीक व रोजगार के मामले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) पिछले कई महीने से प्रदेश में पदयात्रा निकाल रही है। वहीं, अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी ने उसे बैठे-बैठाए एक मुद्दा दे दिया है। अब पार्टी इन मुद्दे को लेकर आम लोगों के बीच जाएगी। इसकी शुरुआत अरविंद केजरीवाल खुद अयोध्या जाकर करेंगे। साथ ही यूपी में वह चुनावी जमीन भी तैयार करेंगे।

पार्टी अब तक प्रदेश में पांच चरण की पदयात्रा निकाल चुकी है। वहीं, छठवें चरण की पदयात्रा 16 से 23 अगस्त तक आजमगढ़ से शाहगंज होते हुए जौनपुर तक निकाली जाएगी। इसमें पेपर लीक, बेरोजगारी और आरक्षण प्रमुख मुद्दे होंगे। इससे पहले की यात्राओं में पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह खुद लोगों से रोजगार के मुद्दे पर संवाद करते रहे हैं। इसके जरिये युवाओं के बीच पैठ बनाने में जुटे हैं।

इधर, अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के चंदे में हुई हेरफेर ने पार्टी को आम लोगों में पैठ बनाने के लिए एक नया मुद्दा दे दिया है। यही वजह है कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल खुद इसकी कमान संभाल लिए हैं। वे न सिर्फ अयोध्या जाएंगे बल्कि इसके बाद पार्टी की प्रदेश में उनके और भी कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है।

**दिक्कत** 1 लाख 86 हजार शिक्षक प्रभावित, दंपति शिक्षकों के अलग-अलग जिलों में केंद्र

# टीईटी परीक्षा केंद्र अन्य जिलों में होने से शिक्षक परेशान, मांगा अवकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के लिए परीक्षा केंद्र अन्य जिलों में होने के बाद वरिष्ठ शिक्षक काफी परेशान नजर आ रहे हैं। जहां एक ओर टीईटी अनिवार्यता के कारण पहले से ही चिंतित थे, वहीं अब दूरदराज के केंद्र पर पहुंचना उनके लिए कोई चुनौती से कम साबित नहीं हो रहा है।

कई शिक्षिकाएं ऐसी हैं जो 50 वर्ष की आयु पार कर चुकी हैं, जिस समय उनके बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठ रहे है, उन्हें टीईटी परीक्षा देना सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा लग रहा है। शिक्षकों का कहना है कि जनगणना कार्य में लगे होने के कारण टीईटी की तैयारी नहीं हो पाई है, सरकार को इसके लिए अलग से अवकाश देना चाहिए।




मलिहाबाद की शिक्षिका विमला चंद्रा व सरोजिनी नगर की शिक्षिका रेखा शुक्ला का सेंटर लखीमपुर खीरी जाने से काफी परेशान है। इनका कहना है कि सेवाकाल के इतने वर्षों बाद इस उम्र में परीक्षा देना काफी कठिन साबित हो रहा है। स्कूल के चलते जहां तैयारी में भी बाधा उत्पन्न हुई, वहीं दूर दराज क्षेत्रों में सेंटर पढ़ने से आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

मलिहाबाद की शिक्षिका राखी वर्मा, मंजू चौधरी का सेंटर सीतापुर जबकि काकोरी की कविता छावड़ा का केंद्र लखीमपुर खीरी जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। शिक्षिकाओं का कहना है कि शासन को वरिष्ठ शिक्षकों की उम्र व सेवा सम्मान को ध्यान में रखते हुए परीक्षा सेंटर गृह जनपद रखना चाहिए था। प्रदेश के हजारों वरिष्ठ शिक्षकों का सेंटर अन्य जिलों में जाने से वे काफी चिंतित है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत करीब 1 लाख 86 हजार शिक्षक टीईटी अनिवार्यता से प्रभावित है। कई वरिष्ठ शिक्षकों के केंद्र दूसरे जिलों के चलते परीक्षा से एक दिन पहले संबंधित शहर में पहुंचना एक चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में शिक्षकों को परीक्षा दिवस में विभागीय अवकाश प्रदान किया जाना न्यायोचित होगा।

कई ऐसे शिक्षक जो विगत 15 से 20 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं और पति-पत्नी दोनों शिक्षक है उन्हें अब टीईटी पास करना पड़ रहा है। ऐसे दंपत्ति शिक्षकों का परीक्षा केंद्र अलग-अलग जिलों में दिया गया है। प्राथमिक शिक्षक ब्रजेश मिश्र का परीक्षा केंद्र देवरिया है तो उनकी धर्मपत्नी का केंद्र अयोध्या दिया गया है।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, पुलिस मौके पर पहुंची

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जिले में एक दर्दनाक हादसे में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना गुरुवार को करगी (करैगी) स्टेशन के पास पोल संख्या 30/7, महमूदपुर अंडरपास के निकट हुई, जहां रेलवे ट्रैक पार करते समय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

मृतक की पहचान जानकी उर्फ सुरेश (35) पुत्र प्रकाश धोबी निवासी सिसईया थाना वजीरगंज, बदायूं के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक रेलवे लाइन के पास मौजूद था तभी अचानक तेज रफ्तार मालगाड़ी आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही बगरैन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।

स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। वहीं, प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि रेलवे लाइन पार करते समय विशेष सावधानी बरतें और निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करें।

## राम मंदिर घोटाले के आरोपों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



राम मंदिर घोटाले के मामले में ज्ञापन देते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कार्यकर्ता टेंपो तिराहे से नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जिलाध्यक्ष हरप्रीत पाल सिंह चब्बा ने आरोप लगाया कि अयोध्या राम मंदिर में प्राप्त दान और चढ़ावे के धन के दुरुपयोग का मामला एसआईटी जांच में सामने आया है। उन्होंने कथित घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आवाज उठाती रहेगी।

ज्ञापन कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य ईश्वर दयाल पासवान, अनवर अनीस, युसूफ मलिक, संदीप गंगवार, राजेश वर्मा, इश्तियाक अहमद अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बेमियादी तहसील में धरने पर बैठे भाकियू (भानू) के कार्यकर्ता

### पदाधिकारियों ने दी मांग पूरी होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** विभिन्न किसान समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ता तहसील परिसर में बेमियादी धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग की।

धरने की अगुवाई कर रहे संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उनकी शिकायतों पर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। किसानों को राजस्व, सिंचाई, विद्युत आपूर्ति और अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ज्ञापन देने और अधिकारियों से वार्ता के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसानों की उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन किसानों के हितों के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने प्रशासन से तत्काल वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। धरने की सूचना पर तहसील प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। अधिकारियों ने उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने तथा नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। भाकियू (भानू) नेताओं ने कहा कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक तहसील परिसर में बेमियादी धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



धरने पर बैठे भाकियू भानू के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि मनाते सपाई। -जागरण मोर्चा

### महारानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान को किया नमन

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी ने बुधवार को केजीएन कॉलोनी स्थित अस्थायी कैंप कार्यालय पर महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी ने किया। वक्ताओं ने महारानी दुर्गावती के साहस, शौर्य, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अन्याय और अत्याचार के सामने कभी सिर नहीं झुकाया तथा अंतिम क्षण तक अपने राज्य और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हाजी अकबर अहमद अंसारी, सैयद आसिफ अली कादरी, राममूर्ति गंगवार, ज्योति प्रकाश शुक्ला, गुरविंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि, सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल




अग्निकांड में जान गंवाने वालों को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन श्रद्धांजलि देते हुए। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड में जान गंवाने वाले बच्चों की स्मृति में तिरंगा चौक स्थित मोहन सरस्वती शिशु मंदिर में शोक सभा आयोजित की गई। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। वक्ताओं ने हादसे को बेहद दुखद बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सभा में कमर्शियल भवनों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि इमरजेंसी एग्जिट, अग्निशमन व्यवस्था और सुरक्षा नियमों का पालन न होना हादसे की बड़ी वजह बन सकता है। उन्होंने दोषियों और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित, व्यवस्थापक आलोक गुप्ता, नगर अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल, विकास गुप्ता, डॉ. प्रशांत गुप्ता, विकास अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विशाल गुप्ता, महेंद्र मिश्रा, राजू गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला महिला का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव घर के अंदर कमरे में लटका मिला। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव निवासी सीमा देवी (40) की शादी 18 साल पहले अनिल के साथ हुई थी। बुधवार को अनिल घर पर नही था। करीव दस बजे संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। इससे खलवली मच गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर घुंघचाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सूचना पर उसके मायके वाले भी पहुंच गए। पहले तो पोस्टमार्टम कराने से पुलिस को मना कर दिया। लेकिन लोगों के समझाने पर परिवार के लोग मान गए। इसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। महिला की मौत को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। मृतक महिला के तीन बच्चे है। जिनमे प्रिया,अमन और दिव्यांशु है। मां के चले जाने से बच्चे के भरण पोषण की समस्या खडी हो गई। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ,ग्रामीणों ने भी घटना पर दुख जताया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने वताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



घटना के बाद मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

## कोलड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से दुष्कर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घर आए युवक ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से दुष्कर्म कर अश्लील वीडीओ और फोटो खींच लिए। फोटो और वीडीओ वायरल कर दिए। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं। उसने बताया कि जिला हरदोई के थाना बेनीगंज के एक गांव निवासी एक युवक उसके घर आता जाता था। युवक उसके व उसके पति को हरियाणा में काम दिलाने के लिए दो साल पहले ले गया था। वहां फैक्ट्री में उसने काम दिलवा दिया और वंही रहकर काम करने लगे,इसके बाद वह पूरे परिवार सहित गांव वापस आ गए। इस दौरान युवक भी गांव में आ गया। महिला का आरोप है कि युवक ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर सबको पिला दिया। वेहोश होने के बाद युवक ने महिला के अश्लील व गंदे फोटो और वीडियो बना लिए। इसके बाद उन वीडियो व फोटो को दिखाकर महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करता रहा। डरा धमका कर महिला से फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसे तक लिए। पैसे उसके अकाउंट में भी भेज दिए। युवक ने धोखाधड़ी से कोर्ट मैरिज से कुछ कागजात बनवा लिए। युवक ने फोटो व वीडियो कई जगह वायरल कर दिए। पुलिस ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवक की तलाश की जा रही है।

## भाजपा की जिला कार्ययोजना व सीएम के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों पर मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला कार्ययोजना बैठक एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित जनपद भ्रमण की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में 23 जून से 6 जुलाई तक विशेष सेवा अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत वृक्षारोपण, कार्यकर्ता सम्मेलन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। अभियान के लिए जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री को जिला संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद भ्रमण प्रस्तावित है तथा 28 या 29 जून को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतरासा कुंवरपुर में एक विशाल जनसभा आयोजित होने की संभावना है। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जिला महामंत्री महादेव गाईन को संयोजक बनाया गया है।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियान और प्रस्तावित रैली की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



सीएम दौरे की तैयारियों की बैठक में भाजपा पदाधिकारी व अन्य। -जागरण मोर्चा

## ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर** नगर में घेरकर ग्रामीण को मारा पीटा। धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी सहीम खां ने वताया कि उसका भाई चुन्ने खां 21 जून को अपने गांव से पूरनपुर आ रहा था। इसी दौरान पूरनपुर के माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास अकिल मियां,अजीज मियां, हासिब मियां, मखबुल खां,महबूब,सिकंदर मियां निवासी धरमंगदपुर थाना माधोटांडा ने रोक लिया। इसे बाद गाली गलौज करना शुरु कर दिया। विरोध करने पर पहले मारा पीटा। इसके बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे चुन्ने खां गंभीर रूप से घायल हो गए और जमीन पर गिर पड़े,शोर शराबा करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घायलो को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने वताया कि मामले की तहरीर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी गई है।



## भरत तिवारी प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग, राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन



एनकाउंटर प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग का ज्ञापन देते अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रजि.) ने बिहार के भोजपुर निवासी भरत तिवारी के कथित एनकाउंटर प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में संगठन के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पूरनपुर को सौंपा।

ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराए जाने तथा पीड़ित परिवार को न्याय, सुरक्षा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई। महासभा ने कहा कि जांच में यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

संगठन ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून के शासन और मानवाधिकारों के संरक्षण को सर्वोपरि बताते हुए निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान महासभा के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## देवहा नदी पर बाढ़ से निपटने का रिहर्सल, प्रशासन ने दिखाई तैयारी

**पीलीभीत।** संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बुधवार को देवहा नदी के निकट मुक्तिधाम पर जिला प्रशासन की ओर से फ्लड मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक एक्सरसाइज में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, राजस्व विभाग, एसडीआरएफ, नागरिक सुरक्षा और आपदा मित्रों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। अभ्यास के दौरान नाव, लाइफ जैकेट, सर्च लाइट, ओबीएम इंजन और संचार उपकरणों की कार्यक्षमता परखी गई।

एसडीआरएफ टीम ने मोटर बोट और रिमोट कंट्रोल लाइफ ब्वाय की मदद से नदी में फंसे लोगों के सुरक्षित रेस्क्यू का प्रदर्शन किया। इसके बाद मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार और राहत शिविर तक पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया। मॉक ड्रिल के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रसून द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में विद्यालय समय बदलने की मांग

**पीलीभीत।** जनपद में लगातार बढ़ रही गर्मी और हीटवेव को देखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव की मांग उठाई है। महासंघ के पदाधिकारियों ने इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्यालय संचालन वर्तमान मौसम में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। महासंघ ने छात्र-छात्राओं के हित में विद्यालय समय को संशोधित करने की मांग की है।




## आरबीआई ने एमएसएमई जागरूकता शिविर आयोजित किया




आरबीआई का जागरूकता शिविर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय रिजर्व बैंक के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को एमएसएमई क्षेत्र के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख आधार है। उन्होंने उद्यमियों को मुद्रा, पीएमईजीपी, पीएम स्वनिधि और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जैसी योजनाओं की जानकारी दी। बैंकों से उद्यमियों को सरल और समयबद्ध ऋण उपलब्ध कराने का आह्वान किया गया। शिविर में ऋण व्यवस्था, वित्तपोषण और सरकारी योजनाओं पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। विभिन्न बैंकों एवं ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी, नाबार्ड प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।

## 13 साल पुराने मारपीट के मामले में दो दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

**पूरनपुर।** पुलिस की प्रभावी विवेचना और न्यायालय में सशक्त पैरवी के चलते 13 वर्ष पुराने मारपीट के मामले में दो आरोपियों को सजा मिली है। एडीजे-प्रथम न्यायालय, पीलीभीत ने राजकुमार उर्फ मुन्ना और राधेश्याम उर्फ चुन्नू को धारा 308/34 व 323/34 आईपीसी के तहत दोषी ठहराते हुए पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास तथा कुल 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला वर्ष 2013 में थाना पूरनपुर में दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषसिद्ध पाया। पुलिस ने इसे "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता बताया है।



पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी। -जागरण मोर्चा

## जेठ दशहरा पर शारदा नदी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जेठ दशहरा के अवसर पर बुधवार को शारदा नदी के धनारा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु घाट पर पहुंचने लगे और श्रद्धा व आस्था के साथ पवित्र नदी में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

जेठ दशहरा पर्व को लेकर क्षेत्र के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु धनारा घाट पहुंचे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने शारदा नदी में स्नान किया,श्रद्धालुओं का मानना है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से पापों का नाश होता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। घाट पर सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद नदी तट पर पूजा-अर्चना की और दान-पुण्य भी किया। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। घाट पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस कर्मी लगातार निगरानी करते रहे, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। पर्व के चलते घाट के आसपास अस्थायी दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने पूजा सामग्री,प्रसाद और अन्य जरूरत का सामान खरीदा। पूरे दिन धनारा घाट पर धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं और क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। शाम तक श्रद्धालुओं के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने और गहरे पानी में न जाने की अपील की गई। जेठ दशहरा पर धनारा घाट पर आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला।

# संविदा सफाईकर्मियों की हड़ताल से बरेली में ठप हुई कूड़ा उठान व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** शहर की सफाई व्यवस्था बुधवार को पूरी तरह बेपटरी हो गई। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से जुड़े संविदा कर्मचारियों ने छह साथियों पर दर्ज मुकदमों के विरोध और वेतन विसंगति को लेकर सामूहिक कार्य बहिष्कार कर दिया। हड़ताल के चलते शहर के कई इलाकों में कूड़ा उठान पूरी तरह ठप रहा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रदर्शन के दौरान नाराज कर्मचारियों ने कुछ स्थानों पर सड़कों पर कूड़ा फेंककर अपना आक्रोश जताया। लगातार दूसरे दिन कूड़ा न उठने से कॉलोनियों, मोहल्लों और बाजारों में गंदगी के ढेर लगने लगे हैं। गर्मी और उमस के बीच सड़कों पर जमा कूड़े से दुर्गंध फैल रही है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी खड़ी हो सकती हैं। हड़ताली कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा वेतन नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि सरकारी प्रावधानों के तहत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में लगे संविदा कर्मचारियों का वेतन 13 हजार रुपये तय है, जबकि ठेकेदार द्वारा मात्र 7,500 रुपये का ही भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों ने इसे खुला आर्थिक शोषण बताते हुए वर्षों से कम वेतन में काम कराने का आरोप लगाया।

**मुकदमे वापस लेने और वेतन विसंगति दूर करने की मांग, सड़कों पर कूड़ा फेंक जताया विरोध**

संविदाकर्मियों का कहना है कि छह साथियों पर दर्ज मुकदमों से कर्मचारियों में भारी रोष है। उनका आरोप है कि समस्याओं के समाधान के बजाय कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई की गई। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा है कि जब तक मुकदमे वापस नहीं लिए जाते और वेतन संबंधी मांगों पर ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। कूड़ा उठान बंद होने से नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। प्रशासन और संबंधित विभाग अब इस गतिरोध को समाप्त कराने की कोशिशों में जुट गए हैं। अधिकारियों के सामने एक ओर शहर को गंदगी से बचाने की चुनौती है, तो दूसरी ओर नाराज कर्मचारियों की मांगों का समाधान निकालना भी जरूरी हो गया है। यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला, तो शहर में गंदगी की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

## सार संक्षेप

### ककोड़ा गांव में लटका मिला किशोर का शव

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव ककोड़ा में एक किशोर ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। किशोर का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटकता मिला। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। गांव ककोड़ा निवासी राजीव (14) पुत्र सुल्तान गांव के ही सूरज, कमलेश, जॉनी और सुमित के साथ 7 जून को गंगा नदी में नहाने गया था। गंगा में स्नान करते समय गांव के सूरज की गंगा में डूबने से मौत हो गई थी। इसके बाद उसके शव को काफी तलाश की गई। लेकिन उसका शव अभी तक नहीं मिला है। सूरज के गंगा में डूबने के बाद से उसकी पत्नी शीतल और सास उसके गंगा स्नान को गए अन्य चार युवकों को जिम्मेदार मानते हुए उनसे रुपये मांग कर रही थी। इसके लिए गांव में दो बार पंचायत का भी आयोजन किया गया। मंगलवार को वह गांव में नहीं था। इसके बाद मंगलवार को गांव में आयोजित पंचायत में ही फैसला लिया गया था कि जो अन्य चार युवक सूरज के साथ गंगा स्नान के लिए गए थे। वह सभी सूरज के परिवार को 10-10 हजार रुपये देंगे। इसके बाद ही राजीव ने गांव के बाहर जाकर पेड़ पर फंदे से लटक गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। शव को मिलने की सूचना पर गांव के सभी ग्रामीण घटना स्थल की ओर भागे और किशोर के शव को फंदे से उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

### शराब की दुकान में तोड़फोड़ के आरोप में पांच महिलाओं पर रिपोर्ट

**बदायूं।** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव हरनाथपुर में संचालित देशी शराब की दुकान हटाने को लेकर मंगलवार को गांव की महिलाओं ने दुकान पर हमला बोल दिया था। दुकान के सेल्समैन गांव के ही धीरेश की ओर से दुकान में हमला और नकुसान करने के आरोपों में पुलिस ने गांव की महिला संगीता, नेत्रपाल की पत्नी, नेत्रपाल का बेटा, हरपाल की पत्नी, गंगा सिंह की पत्नी और 30 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर केस दर्ज कराया। पुलिस को धीरेश ने बताया कि वह गांव की देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन का काम करता है। मंगलवार को दोपहर को गांव की महिलाएं हाथों में डंडे लेकर आई। महिलाओं ने आक्रमण होकर दुकान में तोड़फोड़ कर दुकान में रखी शराब की पेटियां को उठाकर पास के ही तालाब में फेंक दिया। महिलाओं ने दुकान में रखे 450 पौवा जिनकी कीमत 29630 रूपये थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

### ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर ,सब्जी विक्रेता की मौत

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में एक सब्जी व्यापारी की मौत हो गई। व्यापारी मंडी समिति बदायूं से सब्जी खरीदकर अलापुर बाजार जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। अलापुर कस्बा के वार्ड संख्या-04 निवासी सर्वेश कुशवाहा (44) पुत्र ओमप्रकाश सब्जी का व्यापार करते थे। परिजनों ने बताया कि वह बुधवार सुबह ऑटो से मंडी समिति से सब्जी लेकर अलापुर की बाजार आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सब्जी व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर परिजन व थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहर खाकर जान दी

**बदायूं।** ससुराल से लौटे एक युवक ने संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए,जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव मिहौना निवासी भविष्य (35) पुत्र रुप सिंह की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि भविष्य 22 जून को कुंवरगांव क्षेत्र के गांव पड़ौलिया स्थित अपनी ससुराल में दावत खाने गया था। मंगलवार को वह अपने घर लौटा और जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे,जहां रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बिना अनुमति और फायर एनओसी चल रही ओमेगा क्लासेस सील

## एक कमरे में ठूंस दिए गए थे 150 छात्र, एक फीट चौड़ी सीढ़ियां देख चौंके अधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय






**बरेली।** लखनऊ में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद बरेली प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क हो गया है। शहर में कोचिंग सेंटरों और होटलों की सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) का अभियान दूसरे दिन भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहा। कार्रवाई के दौरान बीडीए की टीम ने सपा नेता कलीमुद्दीन से जुड़े राजेंद्र नगर स्थित ओमेगा क्लासेस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। बीडीए और फायर विभाग की संयुक्त जांच में ओमेगा क्लासेस में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

जांच के दौरान पाया गया कि संस्थान के पास न तो बीडीए से संचालन की अनुमति थी और न ही फायर विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी)। इसके बावजूद यहां बड़ी संख्या में छात्रों को पढ़ाया जा रहा था। सुरक्षा मानकों की अनदेखी को देखते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही कोचिंग सेंटर को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान टीम उस समय हैरान रह गई, जब कोचिंग के एक ही कमरे में करीब 150 छात्रों को बैठाकर कक्षाएं संचालित होती मिलीं। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की अव्यवस्था किसी भी आपात स्थिति में छात्रों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। आग या अन्य हादसे की स्थिति में इतने छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालना लगभग असंभव होगा। जांच के दौरान शहर के कई ऐसे भवन भी चिन्हित किए गए, जिन्हें मूल रूप से आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृति दी गई थी, लेकिन उनमें धड़ल्ले से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

कई मकानों में बिना किसी अनुमति के कोचिंग सेंटर चल रहे थे, जहां सुरक्षा मानकों का पूरी तरह अभाव पाया गया। निरीक्षण के दौरान कई इमारतों में छात्रों के आवागमन के लिए बनी सीढ़ियां बेहद संकरी मिलीं। कुछ स्थानों पर सीढ़ियों की चौड़ाई महज एक फीट से भी कम पाई गई। अधिकारियों ने इसे गंभीर लापरवाही बताया। बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि आग या किसी अन्य दुर्घटना की स्थिति में ऐसे संकरे रास्ते छात्रों की जान के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। बिना फायर सेफ्टी इंतजाम, आपातकालीन निकास और आवश्यक अनुमतियों के संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर छात्रों की जिंदगी से सीधा खिलवाड़ कर रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर संचालक सिर्फ व्यावसायिक लाभ पर ध्यान दे रहे हैं, जबकि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नदारद है। बीडीए ने ऐसे सभी भवनों और संस्थानों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है, जो नियमों के विपरीत संचालित हो रहे हैं। प्राधिकरण जल्द ही भवन स्वामियों और कोचिंग संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करेगा। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पाण्डेय ने कहा है कि छात्रों की सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को सील करने के साथ-साथ उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# फ्लेक्टर टेप अभियान में तेजी: 15 दिनों में 200 से अधिक वाहनों पर लगाए गए टेप



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत अब तक 169 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं 31 अन्य व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा चुके हैं, जिससे रात्रि के समय सड़क सुरक्षा में सुधार होने की उम्मीद है।

परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान एक ओवरलोड वाहन को सीज कर परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया। उक्त वाहन स्वामी द्वारा 0.70 लाख रुपये का शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया गया।

अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहनों की फिटनेस एवं बीमा समय से कराएं तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप अवश्य लगवाएं। साथ ही सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

संयुक्त कार्रवाई में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन) श्री हरिओम, माल/यात्री कर अधिकारी श्री अभिनव चौधरी सहित परिवहन विभाग के प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहे।

# भारतनेट और बीएसएनएल फाइबर योजनाओं से गांवों में बढ़ी डिजिटल पहुंच

जागरण मोर्चा कार्यालय



योजनाओं की जानकारी देते बीएसएनएल के अधिकारी।

**बदायूं।** बीएसएनएल द्वारा संचालित भारतनेट परियोजना और नई फाइबर योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति ला रही हैं। सहायक महाप्रबंधक मयंक रस्तोगी ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी भारतनेट योजना के तहत जनपद की ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जिससे गांवों में तेज और विश्वसनीय इंटरनेट सेवा उपलब्ध हो सके।

उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए 259 रुपये प्रतिमाह का एंट्री फाइबर प्लान शुरू किया है, जिसमें 25 एमबीपीएस तक की स्पीड, अनलिमिटेड कॉलिंग और ओटीटी सुविधा दी जा रही है। नेटवर्क को रिंग सिस्टम से जोड़ने से फाइबर कट होने पर भी सेवा बाधित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि "हर घर फाइबर, हर गांव डिजिटल" अभियान के जरिए डिजिटल भारत के लक्ष्य को साकार किया जा रहा है। साथ ही भारतनेट उद्यमी योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं।

**बीएसएनएल की पहल: सस्ती फाइबर सेवा और रोजगार के नए अवसर:** बीएसएनएल की भारतनेट परियोजना और फाइबर ब्रॉडबैंड योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंच बढ़ाने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रही हैं। सहायक महाप्रबंधक मयंक रस्तोगी ने बताया कि गांवों में डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और हर पंचायत तक फाइबर नेटवर्क पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए रूरल फाइबर प्लान के तहत कम कीमत में तेज इंटरनेट और कॉलिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा भारतनेट उद्यमी योजना के तहत स्थानीय युवा और केबल ऑपरेटर 1-2 लाख रुपये के निवेश से एफटीटीएच सेवाएं शुरू कर सकते हैं। इस योजना से उद्यमी प्रतिमाह 50 हजार से 5 लाख रुपये तक कमा सकते हैं। उन्होंने युवाओं और स्वयं सहायता समूहों से इस योजना से जुड़कर डिजिटल भारत अभियान में भागीदार बनने की अपील की।

# जमीन के विवाद में दो पक्षों में हुआ पथराव, सौ से अधिक राउंड फायरिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के परसेरा गांव में बुधवार सुबह दो बीघा जमीन अवैध रूप से जोतने को लेकर दो पक्षों में विवाद को गया। यह विवाद खूनी संघर्ष बदल गया। लाठी-डंडे के बीच कई राउंड फायरिंग की गई। संघर्ष में दोनों पक्षों के लगभग आठ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

परसेरा गांव के सत्यवीर का कुछ लोगों से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्होंने कई बार थाने से लेकर एसडीएम तक शिकायतें की थीं, लेकिन जमीन की पैमाइश नहीं कराई गई। पुलिस ने विवाद बढ़ने के संकेत मिलने के बावजूद प्रभावी कदम नहीं उठाया। सत्यवीर ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने मेड़ तोड़कर उसकी एक बीघा और उसके भाई की एक बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। इसको लेकर लगातार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। बुधवार सुबह सत्यवीर पक्ष के लोग अपने खेत में जोताई करा रहे थे। अंधाधुंध फायरिंग का आरोप आरोप है कि इसी दौरान दूसरे पक्ष के करीब 30-35 लोग असलहों से लैस होकर वहां पहुंचे और धारदार हथियारों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। इसी बीच विरोधी पक्ष पर अंधाधुंध फायरिंग करने का भी आरोप है। करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच पथराव हुआ है। सूचना पर बिसौली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति नियंत्रण में करते हुए घायलों को सीएचसी भेजा। वहीं, खेत में चले ईंट पत्थर के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# नाग देवता मंदिर में चोरी, ग्राइंडर से काट ले गए पीतल के घंटे व छत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आसफपुर।** थाना फ़ैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम गंगापुर सराय और जगतुआ के बीच स्थित प्रसिद्ध नाग देवता मंदिर में चोरों ने बीती रात बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। बेखौफ चोर मंदिर परिसर में लगे पीतल के दर्जनों घंटे और शेषनाग की प्रतिमा के ऊपर लगा पीतल का छत्र काटकर ले गए। जानकारी के अनुसार चोर पूरी तैयारी के साथ मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने ग्राइंडर मशीन का इस्तेमाल कर मंदिर में बंधे करीब 20 से 30 भारी पीतल के घंटे काट लिए। इसके अलावा मंदिर में स्थापित दो शेषनाग प्रतिमाओं के ऊपर लगे पीतल के कीमती छत्र भी काटकर चोरी कर लिए। सुबह श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाग देवता मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। मंदिर में हुई चोरी से लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने घटना का शीघ्र खुलासा कर आरोपितों की गिरफ्तारी तथा चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा चोरों की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

**थानाध्यक्ष का कथन:** "मंदिर में चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।"

# दामाद ने सास को छत से फैंका, अस्पताल में भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पंजाब शाह गोटिया में एक महिला को उसके दामाद द्वारा छत से फेंकने का आरोप लगाया गया है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की बेटी ने अपने पति पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। बताया जा रहा है कि गांव पंजाब शाह गोटिया निवासी एक युवती ने बताया कि चार साल पहले उसकी शादी नफीस के साथ हुई थी। पति शराब पीकर घर में मारपीट करता है। वुदवार को उसका पति व अन्य ससुरालियों उसके मायके आए और उसकी मां के साथ गाली गलौज करने लगे। इस दौरान युवती की मां ने विरोध किया तो उसकी मां को पति ने छत से नीचे धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की बेटी ने अपने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उसने आरोप लगाया कि उसके पति ने जानबूझकर उसकी मां को छत से फेंका है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घायल महिला का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं घायल महिला के परिजन आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता और सौतेली मां को पीटा

**पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलगवां में पारिवारिक एवं संपत्ति विवाद को लेकर पिता और सौतेली मां के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना की सूचना डायल-112 के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल दयाशंकर और उनकी पत्नी ललिता देवी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

जांच में पता चला कि दयाशंकर की पहली पत्नी से हुए पुत्र अपने पिता की दूसरी शादी और संपत्ति संबंधी मामलों से नाराज थे। इसी विवाद को लेकर पुत्र अभिषेक, अरुण बाबू और उनके एक साथी पर मारपीट का आरोप है। घटना में दोनों घायल हुए हैं और उनका उपचार जारी है। पुलिस ने आरोपी अभिषेक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नाजिया इलाही खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग, पुलिस को सौंपा ज्ञापन


नाजिया इलाही के खिलाफ ज्ञापन देते मुस्लिम समुदाय के लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक बयान देने के आरोप में नाजिया इलाही खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना पूरनपुर में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नाजिया इलाही खान द्वारा इस्लाम, मुस्लिम समुदाय और धार्मिक हस्तियों के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। प्रार्थी शाहिद खान ने पुलिस से मामले की जांच कर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे बयानों से समाज में तनाव और वैमनस्य फैलने की आशंका रहती है। प्रार्थी ने आरोपित के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग भी की है। ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक को सौंपा गया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

## मारपीट में पति सहित परिवार के चार घायल, केस दर्ज

**पूरनपुर।** केले के पेंड को लेकर विवाद हो गया। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी फूलचंद वताया कि उसके खेत में केला का पेंड लगा हुआ था। वुदवार को गांव के ही संतोष, जवाहरलाल, माया देवी, लौंग श्री केले के पेंड को उखाडने लगे। जब उसने विरोध किया तो गाली गलौज करना शुरु कर दिया। मना करने पर सभी ने मिलकर मारा पीटा। बचाने आई पत्नी प्रेमवती,लज्जा देवी,रामा देवी को भी मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गए। विवाद को लेकर खलवली मच गई। शोर सुनकर कई लोग मौके पर आए। वमुश्किल लोगों ने विवाद शांत कराया। तो सभी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। झगडे में घायल सभी थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया।

# 9 माह से न्याय न मिलने पर किसान ने कहा- मेरी जमीन अफसरों के नाम कर दो

जागरण मोर्चा कार्यालय


संजीव कुमार।

**पीलीभीत।** तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम उमरसड़ निवासी किसान संजीव कुमार ने प्रशासनिक उदासीनता से परेशान होकर जिलाधिकारी को एक भावुक और चौंकाने वाला पत्र सौंपा है। किसान का कहना है कि गाटा संख्या 151 में अंश संशोधन का मामला पिछले 9 माह से लंबित है और लगातार शिकायतों के बावजूद उसका समाधान नहीं किया गया। संजीव कुमार के अनुसार, उन्होंने कई बार जिलाधिकारी, मंडलायुक्त और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इतना ही नहीं, क्षेत्रीय राज्यमंत्री द्वारा भी संबंधित अधिकारियों को कई बार निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद उनके मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान का आरोप है कि संबंधित लेखपाल द्वारा 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई और रकम न देने के कारण उनका कार्य आज तक लंबित रखा गया। व्यवस्था से पूरी तरह निराश किसान ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में लिखा है कि वह अपने हिस्से की लगभग आधा बीघा जमीन स्वेच्छा से एसडीएम सदर और संबंधित लेखपाल को दान करने को तैयार है तथा इसके लिए शपथ पत्र देने को भी तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि अब उन्हें किसी कार्यालय या तहसील दिवस से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं रह गई है। किसान ने अपने पूर्व में दिए गए सभी प्रार्थना पत्र वापस लेने की घोषणा करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# छह विश्वकप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो

उज्बेकिस्तान के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप में हासिल की उपलब्धि, छठे मिनट में ही दाग दिया गोल

**नई दिल्ली**

पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ ग्रुप के मुकाबले में शानदार गोल किया और टीम को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी। रोनाल्डो का यह गोल ऐतिहासिक रहा क्योंकि वह छह विश्व कप में गोल करने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी बन गए हैं। इस रिकॉर्ड के साथ उन्होंने फुटबॉल इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है। रोनाल्डो ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ शुरुआती मिनट में ही गोल दागा। रोनाल्डो डीआर कांगो के खिलाफ टीम के पिछले मैच में गोल नहीं कर सके थे और इस मैच में उन पर दबाव था। हालांकि, रोनाल्डो ने दबाव को हावी नहीं होने दिया और छठे मिनट में ही गोल दाग कर टीम को बढ़त दिला दी।



### गोल करने की भूख अब भी बरकरार

पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर में लगातार छह विश्व कप संस्करणों में गोल दागकर अनोखा मुकाम हासिल किया। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ उनकी फिटनेस और निरंतरता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि उम्र बढ़ने के बावजूद उनका खेल और गोल करने की क्षमता आज भी बरकरार है। रोनाल्डो ने पहली बार विश्व कप में गोल करने का कारनामा 2006 में किया था। इसके बाद उन्होंने 2010, 2014, 2018, 2022 और अब अपने छठे विश्व कप संस्करण में भी गोल कर इतिहास रच दिया। इससे पहले कोई भी पुरुष फुटबॉलर लगातार छह अलग-अलग विश्व कप टूर्नामेंट में गोल नहीं कर पाया था। रोनाल्डो के नाम पहले से ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल, सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने जैसे कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं। अब छह विश्व कप संस्करणों में गोल करने का यह नया रिकॉर्ड है।

### पुर्तगाल के लिए गोल करने वाले खिलाड़ी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पहले ही हाफ में अपना दूसरा गोल दागा। रोनाल्डो ने 39वें मिनट में शानदार गोल किया और उज्बेकिस्तान के खिलाफ टीम को बढ़त दिलाई। रोनाल्डो का विश्व कप में यह 10वां गोल है और वह पुर्तगाल के लिए फीफा विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो ने इस मामले में यूसेबियो को पीछे छोड़ा जिन्होंने पुर्तगाल के लिए विश्व कप में नौ गोल किए हैं।

▶ 10 साल का राज बरकरार, भारत ने दर्ज की रोमांचक जीत

# टीम इंडिया ने हॉकी प्रो लीग में पाकिस्तान को 4-3 से रौंदा

### भारत की ओर से नीलकांत, अभिषेक, सुखजीत और रजिंदर ने गोल दागे

**नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-3 से रौंद दिया। भारत ने पाकिस्तान को 10 साल से एक भी मैच जीतने नहीं दिया और अपनी विजयी लय बरकरार रखी।

हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और पाकिस्तान के होश उड़ा दिए। मैच की शुरुआत में पाकिस्तान को अहमद नदीम ने गोल करके 1-0 की बढ़त दिला दी। नदीन ने आठवें मिनट में गोल दागा। पाकिस्तान की बढ़त 14 मिनट तक बरकरार रही। टीम इंडिया ने 9वें मिनट से ही अपने हमले बढ़ा दिए और पाकिस्तान पर दबाव बनाया। इस आक्रामक खेल का फायदा भारत को मिला, जब अभिषेक ने 22वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। भारत ने अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा और दो मिनट बाद ही उसने पड़ोसी मुल्क पर बढ़त बना ली। नीलकांत शर्मा ने मैच के 24वें मिनट में गोल दागकर भारत के पक्ष में स्कोर 2-1 से कर दिया। हाफ टाइम तक भारत ने 2-1 की बढ़त बरकरार रखी।



### भारत ने चौथे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर का उठाया फायदा

भारतीय टीम ने पाकिस्तान को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। तीसरे क्वार्टर में सुखजीत सिंह ने गोल करके भारत की बढ़त 3-1 कर दी। सुखजीत ने गेंद को बहुत अच्छे से टैकल किया और शक्तिशाली हिट जमाकर गोल दागा। तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत ने 3-1 की बढ़त बरकरार रखी। चौथे क्वार्टर में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत सिंह ने रजिंदर की तरफ गेंद जाने दी। रजिंदर ने तगड़ा शॉट मारकर गोल कर दिया। भारतीय टीम 4-1 से आगे हुई और विशाल अंतर से मैच जीतने की तैयारी में थी।

### पाकिस्तान ने किया पलटवार लेकिन भारत का दबदबा रहा

चौथे क्वार्टर में पाकिस्तान ने वापसी की। पाकिस्तान ने अपने गियर बदले और मैच के 53वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। अबु मोहम्मद ने शॉट जमाया और डिफलेक्शन की मदद से वो गोल करने में कामयाब हुए। चौथा क्वार्टर पूरा होने वाला था, तब पाकिस्तान ने एक और गोल दागकर धड़कने बढ़ा दी। पेनल्टी कॉर्नर पर मोइन शकील ने गोल दागा। गोल पूरा होने के बाद 10 सेकंड का समय बचा था। जल्द ही हूटर बजा और मैच भारत ने 4-3 से अपने नाम किया।

# वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया की 3 नंबर जर्सी मिली

## बोले- खुशी बयां करने के लिए शब्द नहीं, मां के कहने पर बदला था नंबर

**नई दिल्ली**

वैभव सूर्यवंशी सीनियर टीम इंडिया के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर मंगलवार को रवाना हो गए। बीसीसीआई की ओर से उन्हें 3 नंबर जर्सी होटल भिजवाई गई, जिसे सूर्यवंशी काफी देर तक देखते रहे।

सूर्यवंशी को जर्सी भारतीय टीम में थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट रघु ने सौंपी। सूर्यवंशी ने सबसे पहले रघु के पैर छूए और उन्हें प्रणाम किया, फिर जर्सी ली। इस पूरी घटना को कैमरे में रिकॉर्ड भी किया गया। सूर्यवंशी ने कहा कि आज वह सपना पूरा हो गया। इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। जिस दिन पहली बार बल्ला थामकर मैदान पर कदम रखा था, आज वह सपना पूरा हो गया है। यह मेरे अब तक के करियर का सबसे बड़ा कदम है और इस अहसास को शब्दों में बयां करना नामुमकिन है। जब सूर्यवंशी ने अपने प्रोफेशनल क्रिकेट सफर की शुरुआत की, तो उन्होंने शुरू में नंबर 12 की जर्सी पहनी थी। लेकिन उनकी मां ने उन्हें इसे बदलने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि 12 के अंकों को जोड़ने पर (1 + 2) कुल 3 आता है।




### भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा इंटरनेशनल खिलाड़ी बनेंगे

आयरलैंड के बेलफास्ट में 26 या 28 जून को होने वाले मैच से वैभव सूर्यवंशी इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं। अगर वे आयरलैंड या इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर उतरते हैं, तो वे 15 साल की उम्र में भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा इंटरनेशनल क्रिकेटर बन जाएंगे।

### नीतीश कुमार रेड्डी बाहर सूर्यांश शेडगे की हुई एंट्री

आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी-20 सीरीज के लिए ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की जगह मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और पार्ट-टाइम गेंदबाज सूर्यांश शेडगे को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। चोट के कारण नीतीश दोनों सीरीज से बाहर हो गए हैं।

# भारतीय स्पिनर श्री चरणी पहली बार नंबर 1 टी20 बॉलर बनीं

**दुबई**

भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी को आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में शानदार शुरूआत का इनाम मिला है और वह महिला टी 20 रैंकिंग में नंबर 1 गेंदबाज बन गई हैं। चरणी ने इंग्लैंड की स्पिनर लिंसी स्मिथ को पीछे छोड़ दिया है और अपने शुरूआती करियर में पहली बार टॉप स्थान हासिल किया है। वह अब तक टी 20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं, इस बाएं हाथ की गेंदबाज ने टूर्नामेंट में अब तक खेले गए तीन मैचों में 10 विकेट लिए हैं। 21 वर्षीय चरणी ने सिर्फ 12 महीने पहले ही इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था, लेकिन लीड्स में नीदरलैंड के खिलाफ करियर में दूसरी बार चार विकेट लेने और फिर मैनचेस्टर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बावजूद तीन और विकेट लेने के बाद, आईसीसी की ताजा रैंकिंग में वह स्मिथ को पीछे छोड़कर टॉप पर पहुंच गईं। स्मिथ टी20 वर्ल्ड कप में अपने ऊंचे स्टैंडर्ड के हिसाब से धीमी शुरूआत के कारण तीसरे स्थान पर खिसक गई हैं, जबकि इंग्लैंड की उनकी साथी स्पिनर चार्ली डीन टूर्नामेंट के तीन मैचों में पांच विकेट लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। पूर्व टॉप-रैंक वाली गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन टी20 बॉलर्स की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज नौ स्थान ऊपर चढ़कर 11वें, ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज किम गार्थ 25 स्थान ऊपर चढ़कर 20वें, पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना 10 स्थान ऊपर चढ़कर 25 वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में टॉप पर इसकी तुलना में, टी20 बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में स्थिति लगभग वैसी ही बनी हुई है, ऑस्ट्रेलिया की ओपनर जॉर्जिया वोल टी 20 वर्ल्ड कप में तीन पारियों में सिर्फ 62 रन बनाने के बावजूद इस लिस्ट में टॉप पर बनी हुई हैं।

# सेंटर इंडिया कराते प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश ओवरऑल चैम्पियन

**भोपाल**

युवा कल्याण एवं खेल विभाग तथा रेलवे इंस्टीट्यूट के सहयोग से यूथ स्पोर्टस कराते डो एसोसिएशन एमपी द्वारा 34वीं सेंटर इंडिया कराते प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता 39 मेडल अर्जित कर मध्य प्रदेश ऑल ओवर चैम्पियन रहा। दूसरे स्थान पर 27 मेडल के साथ राजस्थान रहा। भोपाल के खिलाड़ियों के योगदान को सराहते हुए सीनियर धुर्वेन्द्र, पुष्कर, रिद्धि, तनु शर्मा, ज्योति, आयुष, अंश, प्रीति, कंचन आदि ने बधाई दी। इससे साउथ ओपन कराते प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में ईशान, किनाया, पार्थ, वीरेन्दर, लायसा, अवनी, उरवाह, मानस, अनुराग, सृष्टि, जॉक्स, सार्थक, अर्षिता, कशिश, मधु, कीर्ति, साजना, किरण, माही, नैनसी, प्रियांसी, रोशन, रिया तिवारी शामिल हैं वहीं कार्तिक, माधव शर्मा, भानु प्रजापति, मुसकान, जीना, छवि प्रजापति, अनुश्री शर्मा, खुशबू, लाव्यांश को सिल्वर मेडल मिला। रेहान, किरण, रेखा और आयुषी ने ब्रांज मेडल जीता।

# क्याकिंग केनोईंग सेन्टर में मना विश्व ओलम्पिक डे

**भोपाल**



मप्र ओलम्पिक संघ, म.प्र. क्याकिंग केनोईंग संघ एवं भोपाल जिला ओलम्पिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में म.प्र. क्याकिंग केनोईंग सेन्टर पर ओलम्पिक डे मनाया गया। मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कमला रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भोपाल,अतिथि स्नेह निगम सीईओ माइन्ड कैफे एवं प्रशान्त कुशवाह अध्यक्ष एशियन तथा भारतीय केनोईंग फेडरेशन के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

ओलम्पिक के विषय में विस्तृत जानकारी के साथ एक सद्भावना दौर प्रारंभ कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर म.प्र. ओलम्पिक संघ के सह सचिव ओपी अवस्थी, कार्यकारिणी सदस्य राजेश यादव, मप्र रोप स्कीपिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेष शुक्ला, जिला ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष यशवंत सिंह कुशवाहा, सचिव जेपी सक्सेना, सुधीर नेमा तथा बॉक्सिंग के राष्ट्रीय कोच रौशनलाल इत्यादि मौजूद थे।

### श्रीलंका ने आयरलैंड पर दर्ज की शानदार विजय

**नई दिल्ली।** कप्तान चमारी अट्टापट्टू के शतक के दम पर श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड को हरा दिया है। श्रीलंका का महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पहले से ही सफर समाप्त हो चुका है और वे सेमीफाइनल की रेस से बाहर हैं। टीम आधिकारिक तौर पर अब तक विश्व कप से बाहर नहीं हुई है लेकिन उनके लिए सेमीफाइनल में जगह बनाना बहुत ही मुश्किल है। चमारी ने मुकाबले में कमाल की बैटिंग की और अकेले दम पर श्रीलंका को 9 विकेट से जीत दिलाई। ये उनके करियर का चौथा टी20 शतक है।

### सेंचुरियन नाइट वॉरियर्स की रोमांचक जीत

**भोपाल।** सेंचुरियन अंडर-12 लीग में मंगलवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया। सेंचुरियन अटैकर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 45 रन बनाए। अयांश ने सर्वाधिक 15 रन बनाए, जबकि रुशंक ने 10 रन की पारी खेली। सेंचुरियन नाइट वॉरियर्स ने 46 रनों के हुए लक्ष्य का पीछा करते रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच हर्षवर्धन सिंह रहे, जिन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट हासिल किए और नाबाद 10 रन बनाए।

# क्रांति की मां ने जेवर बेचकर खरीदी थीं किट

**नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ आज टीम इंडिया का अहम हिस्सा बन चुकी हैं, लेकिन उन्होंने अपने संघर्ष और परिवार के त्याग को कभी नहीं भुलाया।

मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव से निकलकर भारतीय टीम तक पहुंचने वाली क्रांति ने बताया कि उनके क्रिकेट करियर को आगे बढ़ाने के लिए उनकी मां ने अपने जेवर तक बेच दिए थे। क्रांति गौड़ ने एक बातचीत में बताया कि आर्थिक तंगी के बावजूद उनके माता-पिता ने कभी उनका हौसला नहीं टूटने दिया। उन्होंने कहा, अगर परिवार आपके साथ खड़ा हो तो बाहर के लोगों की बातें मायने नहीं रखतीं। हमारे पास पैसों की हमेशा कमी रहती थी,



लेकिन मेरे परिवार ने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मेरी मां ने मेरे लिए अच्छी क्रिकेट किट खरीदने के लिए अपने जेवर बेच दिए थे। यह उनके लिए बहुत बड़ा त्याग था।क्रांति ने बताया कि जब उनके गांव में लड़कियों को घर से बाहर निकलने तक की आजादी नहीं मिलती थी, तब उनके माता-पिता ने उन पर भरोसा जताया और क्रिकेट खेलने के लिए पूरा समर्थन दिया। उन्होंने कहा, ''उस समय कई लड़कियों को घर से बाहर जाने की भी इजाजत नहीं थी, लेकिन मेरे माता-पिता अलग थे। उन्होंने कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि मैं कुछ गलत कर रही हूं। उन्होंने हमेशा मेरे सपने पर भरोसा किया। इसी विश्वास ने मुझे आगे बढ़ने की ताकत दी।

### क्रांति की सफलता से गांव में आया अब बड़ा बदलाव...

क्रांति गौड़ की सफलता ने सिर्फ उनके परिवार की जिंदगी नहीं बदली, बल्कि उनके गांव घुवारा में भी नई सोच पैदा की। 2025 महिला वनडे विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद गांव में क्रिकेट अकादमी शुरू की गई, जहां अब बड़ी संख्या में लड़कियां क्रिकेट सीख रही हैं। क्रांति ने कहा, मेरे प्रदर्शन के बाद हमारे गांव में क्रिकेट अकादमी खुली। अब कई छोटी लड़कियां वहां क्रिकेट खेल रही हैं। सबसे खुशी की बात यह है कि अब उनके माता-पिता भी बेटियों पर भरोसा कर रहे हैं और उन्हें खेल में करियर बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह समय-समय पर इन लड़कियों से मिलती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।